26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 31 जुलाई, 2026

अंक- 277 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## संसद में पप्पू यादव पुजारी बनकर पहुंचे, राहुल ने चंदा दिया

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर विपक्ष का प्रदर्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को संसद परिसर में राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर प्रदर्शन किया। सांसद पप्पू यादव पुजारी के वेश में दानपेटी लेकर पहुंचे। राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने दानपेटी में चंदा डाला। साथ ही विपक्षी सांसद बैनर लेकर पहुंचे जिसमें 'अमित शाह संसद से गायब क्यों' लिखा हुआ था। इधर लोकसभा की कार्यवाही 11



बजे शुरू हुई, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। 12 बजे कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने जन्म-मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) बिल, 2026 को पास कराने का प्रस्ताव रखा। बिल ध्वनि मत से पास हुआ।

# प्रबल हत्याकांड : दोषियों को आजीवन कारावास

## खचाखच भरी अदालत में न्यायाधीश डॉ. शहजाद अली ने सुनाई सजा

## मृतक की बहन प्राची ने अकेले लड़ी न्याय की लंबी लड़ाई, सजा सुनकर दोषियों और उनके परिजनों की आंखों से छलके आंसू

बिजनौर (चिंगारी)। प्रबल हत्याकाण्ड में परसों दोषी करार दिये गये सभी सातों अभियुक्तों को आज अदालत द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। इसके साथ ही अदालत ने विवेचना में कोताही बरतने के लिये सम्बंधित जांच अधिकारी के विरुद्ध पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखने के आदेश दिये।

अपर सत्र न्यायाधीश/द्वितीय फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश डॉ. शहजाद अली ने दोपहर 2 बजकर 20 मिनट पर सभी सातों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। हालांकि बचाव पक्ष की ओर से संजय गुप्ता की बीमारी का हवाला देते हुए उन्हें सजा में रियायत देने की मांग की गई, लेकिन अदालत ने सभी को आजीवन कारावास का हुक्म सुनाया। उधर, अभियोजन पक्ष की ओर से कहा गया कि दोषियों ने बड़ी बेरहमी के साथ मासूम प्रबल की हत्या कर उसका शव ठिकाने की साजिश रची थी, इसलिये इस जघन्य अपराध के लिये उन्हें फांसी की सजा दी जाये।

न्यायाधीश द्वारा सजा सुनाये जाते ही कटघरे में खड़े दोषियों और अदालत में मौजूद उनके कुछ परिजनों की आंखों से आंसू छलक गये। दोपहर दो बजे सातों मुजरिमों को कड़ी सुरक्षा में अदालत में लाया गया। सभी सातों मुजरिम एकदम शांत रहे और उनके चेहरे पर डर व चिंता की लकीरें साफ नजर आईं। उधर, अपने इकलौते भाई के लिए 14 वर्षों तक इंसाफ की लड़ाई लड़ने वाली प्राची की आंखों में भी वर्षों का दर्द और संघर्ष साफ दिखाई दे रहा था। वह दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग और दुआ करती रही।

सुबह से ही जिला जजी परिसर में भारी गहमागहमी रही। सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त किये गये थे। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। मीडिया कर्मियों के अलावा बड़ी संख्या में लोग यह जानने के लिए अदालत पहुंचे थे कि बहुचर्चित मामले में आखिर अदालत क्या सजा सुनाती है। अदालत खचाखच भरा रही। गौरतलब है कि अदालत ने 29 जुलाई को सातों अभियुक्तों- संजय गुप्ता, विनय अग्रवाल, अपूर्व अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, राहुल गुप्ता और आशीष उर्फ आशु को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था और सजा सुनाने के लिए आज की तारीख तय कर दी गई थी।



आंसू पोंछते हुए मुजरिम और उनके पीछे नारे लगाते हुए परिजन।

## परिजनों ने अदालत के ख़िलाफ़ नारेबाजी की

न्यायाधीश द्वारा सजा सुनाये जाने के बाद जब पुलिस मुजरिमों को लेकर अदालत से बाहर निकली तो परिजनों ने न्यायपालिका और जज के विरुद्ध आपत्तिजनक नारे लगाये तथा फैसले को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। अदालत के बाहर काफी भीड़ थी। पुलिस जैसे ही मुजरिमों को लेकर बाहर निकली तो उनके परिजनों ने जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी, जिसे सुनकर सभी अवाक रह गये। परिजनों ने अदालत के फैसले पर टिप्पणी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। अंधा कानून जैसे नारे लगाये। इसके साथ ही मीडिया के विरुद्ध भी तीव्र आक्रोश व्यक्त करते हुए पत्रकारों के विरुद्ध भी नारेबाजी की। मामला गर्माते देख पुलिस सक्रिय हो गई।

### बेटे की हत्या ने उजाड़ दिया पूरा परिवार

नगर के मोहल्ला जाटान निवासी प्रबल की 19 दिसंबर 2012 को शहनाई बैंक्वेट हॉल में आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के दौरान हत्या कर दी गई थी। छेड़छाड़ का आरोप लगाकर प्रबल की पीट-पीटकर हत्या कर उसके शव को ठिकाने लगा दिया था। इस घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया था। लोगों में भारी आक्रोश फैल गया था। प्रदर्शन हुए, कैंडल मार्च निकाले गए और दोषियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस पर दबाव बनाया गया। उस समय अग्रवाल समाज के कई प्रमुख लोग महीनों अंडरग्राउंड रहे थे। पुलिस अधिकारियों के खूब वारे-न्यारे हुये थे।

### लंबे समय तक सुर्खियों में रहा था प्रबल हत्याकांड

प्रबल हत्याकांड लंबे समय तक जिले और प्रदेश की सबसे चर्चित घटनाओं में शामिल रहा। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को ठिकाने लगाकर मामले को दबाने की कोशिश की थी। पुलिस की तमाम कोशिशों के बावजूद कई दिनों तक प्रबल का कोई सुराग नहीं मिला था। बाद में गंगा नदी से उसका शव बरामद होने के बाद पूरे मामले ने नया मोड़ लिया और न्याय की लंबी लड़ाई शुरू हुई, जिसका अहम पड़ाव 14 साल बाद अदालत के इस फैसले के रूप में सामने आया।


### 13 और लोगों पर लटकी हुई है मुकदमे की तलवार

(खबर पेज 3 पर)

### माता-पिता चले गए, बहन ने नहीं छोड़ी उम्मीद



प्रबल अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। बेटे की दर्दनाक हत्या का सदमा उसके माता-पिता सहन नहीं कर सके और समय के साथ दोनों की भी मौत हो गई। परिवार में अब केवल उसकी बहन प्राची बची थी, जिसने हर मुश्किल का सामना करते हुए अपने भाई को इंसाफ दिलाने के लिए न्याय की लड़ाई लड़ी। शुक्रवार को अदालत का फैसला उसके वर्षों के संघर्ष का पड़ाव बना। हालांकि उसका कहना था कि उसके भाई के हत्यारों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए थी।



आदर्श आयुर्वेदा

गुप्त रोग

घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें

धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी

जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।

गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।

पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर

मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश

# विद्यार्थियों को आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। इम्पीरियल इन्टरनेशनल स्कूल, रायपुर में 2026-27 के लिए छात्र परिषद का गठन हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंकुर त्यागी एवं प्रबन्धक दीपक राजपूत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर समारोह में विद्यार्थियों को विभिन्न नेतृत्वकारी पदों की जिम्मेदारियां सौंपी गयी। विद्यालय प्रबन्धन ने नवनिर्वाचित छात्र नेताओं को उनके उत्तरदायित्व के प्रति निष्ठा, अनुशासन एवं सेवा-भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के हैड बॉय के रूप में रैयान, हैड गर्ल के रूप में अनुरीत, वाइस हैड बॉय के रूप में शादाब तथा वाई हैड गर्ल के रूप में यशिका का चयन किया गया। हाउस इंचार्ज के रूप में रोहन (अशोका हाउस), मौ0 जफर (द्रोणा हाउस), दिव्यांश (कलाम हाउस) एवं अयान (रमन हाउस) को नियुक्त किय गया। वाइस हाउस इंचार्ज के रूप में अलीजा, मनप्रीत कौर, अवनी चौधरी एवं जोया खान को जिम्मेदारी सौंपी गयी। इसके अतिरिक्त ईको क्लब के लिए अयान एवं आशी तथा स्पोर्टस कैप्टन/वाइस कैप्टन के रूप में प्रभजोत एवं शाइन का चयन किया गया। विद्यालय के प्रबन्धक दीपक राजपूत एवं प्रधानाचार्या श्रीमती अंकुर त्यागी ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि छात्र परिषद विद्यालय में अनुशासन, नेतृत्व, सहयोग एवं सेवा की भावना को सुदृढ़ करेंगे तथा विद्यार्थियों को एक आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

# सरकारी अस्पतालों की स्थिति खराब, बेहतर नहीं मिल रहा इलाजः खुर्शीद मंसूरी



नजीबाबाद/मंडावली (चिंगारी)। नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राजपुर नवादा में आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान हाजी फराहीम मंसूरी एवं संचालन विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहनपुर नगर पंचायत चेयरमैन एवं मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी रहे। बैठक को संबोधित करते हुए खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट सहित कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं, जिससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में करीब 25 हजार सरकारी प्राथमिक विद्यालय बंद कर दिए गए हैं, जिससे शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ा है। प्रदेश में बेरोज़गारी बढ़ रही है, सरकारी अस्पतालों की स्थिति बेहद खराब है, जिसके कारण गरीबों को समय पर बेहतर इलाज नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आज़ाद ही गरीबों, छात्रों, युवाओं व कमजोर वर्गों के मुद्दे संसद से लेकर सड़क तक मजबूती से उठा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में नजीबाबाद से उन्हें विधायक बनाकर चंद्रशेखर आज़ाद के हाथों को मजबूत करें। इस अवसर पर अब्दुल्ला गुलज़ार ने कहा कि नजीबाबाद विधानसभा में पिछले 15 वर्षों में अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी उन्हें अवसर देती है, तो खुर्शीद मंसूरी क्षेत्र के मुद्दों को विधानसभा में मजबूती से उठाकर नजीबाबाद के विकास के लिए प्रभावी कार्य करेंगे। बैठक में मंडावली के पूर्व प्रधान वाजिद मकरानी, अयाज़ अंसारी तथा श्यामीवाला के पूर्व प्रधान शमशाद अंसारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में शहजाद अहमद, नजीर अहमद, शराफत हुसैन, साजिद, इसरार, इमरान, शारिक, समद, गुलशन रईस, हबीब अफज़ाल सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा नेत्री ने कांवड़ सेवा शिविर लगाया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम जटपुरा बोंडा के शिव मंदिर परिसर में भाजपा नेत्री लीना सिंघल द्वारा कांवड़ियों के लिए सेवा शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ एसडीएम शैलेंद्र कुमार, सीओ आकांक्षा गौतम, भाजपा नेत्री लीना सिंघल, आशीष सिंघल ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान हरिद्वार से चलकर आने वाले कांवड़ियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम आयोजक भाजपा नेत्री लीना सिंघल ने बताया कि कांवड़ सेवा शिविर श्रावण मास के पूरे महीने तक चलेगा। शिविर में कांवड़ियों को ठहरने, साफ़- सफाई, पानी, बिजली, शौचालय व अन्य सुविधाएं मिलेंगी। एसडीएम शैलेंद्र कुमार ने बताया कि शिविर में निशुल्क स्वास्थ्य की सुविधा भी उपलब्ध होगी। सीओ आकांक्षा गौतम ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से कांवड़ मार्ग पर पुलिस तैनात है, कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार, ओमकुमार सिंह, चौधरी ईशम सिंह, अनुज चौधरी, राजकुमार प्रजापति, अजय पाल सिंह, कलवा सिंह, कुलदीप त्यागी, अंकित चौधरी आदि मौजूद रहे।




# सपा नेता हाजी रफीक अंसारी ने चलाया पीडीए जनसम्पर्क अभियान



नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने गुरुवार देर शाम को नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हर्षवाड़ा में पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर समाजवादी पार्टी की जनहितकारी नीतियों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों एवं सम्मानित नागरिकों को संबोधित करते हुए हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीबों एवं वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने लोगों से पार्टी की नीतियों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने तथा सामाजिक सौहार्द एवं भाईचारे को मजबूत करने की अपील की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत हर्षवाड़ा ग्राम प्रधान आरिफ (मोनू), हाजी शकील अंसारी, हाजी सलीम अंसारी, हाजी नईम, हाजी अली हसन, हाजी शमशाद, हाजी नौशाद, हाजी अब्दुल समी, अबरार अहमद, इरफान अहमद, दिलशाद अंसारी, हाफिज दिलशाद, मौ0 फारूख, मौ0 तारिक, मास्टर शमशाद, जहांगीर अंसारी, अल्तमाश, फुरकान, नदीम, नईम अहमद अंसारी, मुनीर अहमद, परवेज खां, असलम एवं सम्मानित बुजुर्ग, युवा एवं स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने पार्टी की विचारधारा को घर-घर पहुँचाने का संकल्प लिया।

# मुझको मेरे बाद जमाना ढूंढेगा.. मौ. रफी को किया याद



नजीबाबाद (चिंगारी)। रफी फैन्स क्लब नजीबाबाद की ओर से महान गायक मौ. रफी की 45 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर उनके गीत गुनगुनाकर उन्हें खिराजे अकीदत पेश की गई। नगर के रेलवे स्टेशन रोड पर रफी फैन्स क्लब के पदाधिकारी शाहिद बशीर के प्रतिष्ठान पर मौ. रफी को याद कर उनके गीत दिल का सूना साज़ तराना ढूंढेगा, मुझको मेरे बाद ज़माना ढूंढेगा गाकर उन्हें खिराजे अकीदत पेश की गई। इस मौके पर शाहिद बशीर, मेहताब, पंकज शर्मा, डॉ. राजीव अरोड़ा, दिलशाद, अजय वर्मा आदि मौजूद रहे।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER    कम डाउन पेमेंट    कम ब्याज दर    ATHER

आज ही लायें एथर स्कूटर



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

राजा अंसारी सहित 10 लोग पॉस्को एक्ट में बरी ( पेज 10 )



# प्रबल हत्याकांड : 13 और लोगों पर लटकी हुई है मुक़दमे की तलवार

## इलाहाबाद हाईकोर्ट 4 अगस्त को सुनायेगा फ़ैसला

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बहुचर्चित प्रबल हत्याकांड में दोषी ठहराये गये सात अभियुक्तों को आज अदालत द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई, उधर, इस मामले में 13 अन्य लोगों को अभियुक्त बनाये जाने के लिये हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर 4 अगस्त को सुनवाई होगी। अगर हाईकोर्ट का फैसला याचिकाकर्ता प्राची अग्रवाल के पक्ष में आया तो उक्त 13 लोगों के विरूद्ध भी अभियुक्तों के रूप में मुकदमा चलाया जायेगा।

19 दिसम्बर 2012 को नगर के शहनाई बैंकेट हॉल में आयोजित अग्रसेन जयंती कार्यक्रम में प्रबल की हत्या के बाद उसके शव को गंगा में फेंक दिया गया था। 28 दिन बाद 15 जनवरी 2013 को हस्तिनापुर क्षेत्र में प्रबल का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ था। पेंट की जेब में मिले मोबाइल फोन के सिम से लाश की शिनाख्त हुई थी और उसी से हत्या का पूरा राज भी खुला था। 26 जुलाई 2013 को पुलिस ने सात आरोपियों संजय गुप्ता, विनय अग्रवाल, अपूर्व अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, राहुल गुप्ता तथा आशु के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। लगभग 14 साल तक चली अदालती कार्यवाही के बाद आखिरकार 29 जुलाई 2026 को अदालत ने सभी सात आरोपियों को दोषी करार दिया था।

पीड़ित पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता श्री अहमद जकावत ने बताया कि धारा 319 सी आर सी के तहत 13 अन्य लोगों को बतौर अभियुक्त तलब करने के लिये प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया था, जिसे स्थानीय अदालत ने खारिज कर दिया था। इसके बाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी, जिस पर आगामी 4 अगस्त को सुनवाई होनी है। इन आरोपियों में सचिन अग्रवाल, रविन्द्र अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल, दीपांशु उर्फ दीपू, संजीव सिंघल, अर्पित सिंघल, अरविन्द अग्रवाल, अजय अग्रवाल, रजनीश अग्रवाल, मोनू, घनश्याम गुप्ता, संजू, राजू अग्रवाल शामिल हैं। अब सबकी निगाहें इलाहाबाद हाईकोर्ट पर टिकी हुई हैं।

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP



APPLY FOR VACANCY
- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

## जानलेवा हमले में दो सगे भाइयों को पांच साल की सज़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रबल हत्याकांड में सात आरोपियों को अदालत द्वारा दोषी ठहराये जाने के अगले ही दिन एक अन्य अदालत द्वारा नगर के प्रसिद्ध उद्यमी विकास अग्रवाल और उनके भाई सुनील अग्रवाल को एक जानलेवा हमले के मामले में पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। दोनों भाइयों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। एडीजीसी शलभ शर्मा के अनुसार थाना शहर कोतवाली के ग्राम बवनपुरा निवासी प्रताप सिंह ने वर्ष 2011 में एफआईआर दर्ज करायी थी, जिसमें कहा गया था कि पैसों के लेन-देन को लेकर विकास अग्रवाल व सुनील अग्रवाल हाल निवासी गीतानगरी बिजनौर ने उसके पिता को जातिसूचक



शब्द कहे और तमंचे से फायर किया। उसके पिता के सीने में छर्रे लगे। एससी/एसटी एक्ट कोर्ट के विशेष सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार तृतीय ने कल अपने फैसले में दोनों भाइयों को पांच साल के कठोर कारावास और 14 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

### NAME CORRECTION

I, MOHAMMAD NAWAZ, son of AMEER HASAN, resident of House No. 30, Mohalla Lohari Sarai, Nagina, Bijnor, Uttar Pradesh – 246762, do hereby declare that my correct and actual name, as recorded in all my documents, is MOHD NAWAZ- Given Name: MOHD, Surname: NAWAZ. My name has been inadvertently recorded as MOHAMMAD NAWAZ in my Indian Passport No. Z4121006. I have applied for correction of the same. MOHAMMAD NAWAZ and MOHD NAWAZ are one and the same person. Henceforth I shall be known as MOHD NAWAZ for all purposes.

MOHD NAWAZ





कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## अंतरिक्ष विज्ञान में निजी क्षेत्र

पंडित जवाहरलाल नेहरू ने सार्वजनिक क्षेत्र में विज्ञान एवं तकनीकी संस्थानों तथा अंतरिक्ष अनुसंधान में इसरो जैसी संस्थाओं की नीव डाली थी। इन संस्थानों ने तेजी से विकास भी किया, लेकिन बाद में 'अकादमिक नौकरशाही' व सरकारी स्तर पर 'नीतिगत विकलांगता' के कारण इन संस्थानों के अनेक वैज्ञानिक, इंजीनियर, शिक्षाविद आदि अपनी प्रतिभा को निखारने तथा उसके बेहतर परिणाम पाने के लिए विदेश जाने लगे। इसे 'प्रतिभा पलायन' कहा गया, लेकिन इसे रोकने तथा निजी क्षेत्र को विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में प्रगति करने के समुचित अवसर नहीं दिए गए।

1975 में पहला उपग्रह प्रक्षेपित करने के बाद इसरो ने अनेकानेक उपलब्धियां प्राप्त की हैं तथा उसने उपग्रहों के वाणिज्यिक प्रक्षेपण के क्षेत्र में भी पूरी दुनिया में अपना स्थान बनाया है, पर उसके विस्तार की सीमायें भी सामने आने लगी हैं तथा अनेक सुधारों के बावजूद 'अकादमिक नौकरशाही' युवा प्रतिभाओं के विकास व उसके कारण देश की प्रगति में बाधा बन रही है। इसे देखते हुए पिछले 10-12 साल में चार क्षेत्रों को छोड़ कर सभी क्षेत्रों को न केवल निजी क्षेत्र के लिए खोला गया है, बल्कि उनमें निजी क्षेत्र के विकास में बाधा डालने वाली 'लाल फीताशाही' और 'नौकरशाही' बाधाओं को समाप्त किया जा रहा है। इस प्रकार भारत दुनिया की सबसे विकसित अर्थव्यवस्था अमेरिका के रास्ते पर चल रहा है जहां निजी क्षेत्र आज विज्ञान, तकनीक, एआई, अंतरिक्ष अनुसंधान, ऊर्जा उत्पादन व संचार आदि क्षेत्रों में नई ऊंचाइयां छू रहा है। इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाले एलन मस्क अब दुनिया के पहले 'ट्रिलियनरी' बन गए हैं। एलन मस्क अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में न केवल 'नासा' से प्रतियोगिता कर रहे हैं, बल्कि उन्होंने आम लोगों के लिए अंतरिक्ष के दरवाजे खोलने और वाणिज्यिक अंतरिक्ष यात्राओं का मार्ग प्रशस्त करने में भी उल्लेखनीय योगदान किया है। एलन मस्क का कहना है कि अगले दशक में मानव चंद्रमा और मंगल पर अपनी बस्तियां बसाने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। यह संपूर्ण मानव जाति की प्रगति की दिशा में एक कदम होगा।



# मानवीय संवेदनाओं के चितेरे प्रेमचंद

प्रेमचंद हिन्दी कथा साहित्य के ऐसे देदीव्यमान नक्षत्र हैं, जिनकी चमक कभी मंदिम नहीं पड़ सकती। हिंदी कथा साहित्य में प्रेमचंद का आगमन नये युग की शुरूआत थी। उनसे पहले हिन्दी कथा साहित्य में यथार्थ का अभाव था। प्रेमचंद ने ही कथा साहित्य को नई जमीन और नई दिशा प्रदान की है। प्रेमचंद ने सर्वप्रथम साहित्य में ग्रामीण परिवेश व ग्रामीण समस्याओं का सजीव चित्रण किया है। प्रेमचंद के उपन्यासों में भारतीय जीवन और समाज की प्राय: समस्त मूल प्रवृत्तियां अंकित हैं, उन्होंने समाज के प्रत्येक जीवन के चित्र अंकित किये हैं और सामाजिक और राजनीतिक स्थिति का भी सुंदर व स्वाभाविक चित्रण करते हुए तत्कालीन राजनीतिक जीवन को आंदोलित करने वाली समस्याओं का भी अपनी कथा साहित्य में सजीव चित्रण किया है।

प्रेमचंद के उपन्यास साहित्य में उनके केवल राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक विचार ही अभिव्यक्त नहीं हुए हैं, बल्कि उनके प्रत्येक औपन्यासिक कृति किसी न किसी व्यापक उद्देश्य को लेकर लिखी गई है। 'गोदान' प्रेमचंद की ऐसी कृति है, जो आज भी उतनी ही प्रासंगिक और लोकप्रिय है, जितनी वह अपनी प्रकाशन के समय थी। 'गोदान' का प्रमुख पात्र होरी, जो कि भारतीय किसान का प्रतिनिधि है और वह जीवन के आरंभ से लेकर मृत्युपर्यंत कठोर परिश्रम करता है, पर अपने परिवार का पालन-पोषण नहीं कर पाता, क्योंकि उस किसान के पसीने की कमाई जमींदार महाजन, पटवारी, पुजारी, पुरोहित और पुलिस वाले हजम कर जाते हैं और उसे किसानी छोड़ मजदूरी करनी पड़ती है। वह अपने द्वार पर गाय बांधना चाहता है, पर उसकी यह लालसा पूर्ण नहीं हो पाती और मृत्यु के समय सवा रुपये का गोदान उसकी पत्नी धनिया करवाती है। शोषण का यह चक्र क्या आज भी ऐसा ही नहीं है? और यदि ऐसा नहीं है तो 'फिर हर साल न जाने कितने किसान किसानी छोड़ने के लिये मजबूर हैं और न जाने कितने शोषण के इस चक्र में फंसकर अपने जीवन को ही समाप्त कर लेते हैं। समय बदल रहा है, लेकिन नहीं बदल रही हैं तो आम आदमी की पीड़ा, दु:ख, परेशानी और शोषण का वह कुचक्र जो वर्षों से निरंतर चलता ही चला आ रहा है।'



प्रेमचंद का कोई उपन्यास हो या कहानी वह उस आदमी की कहानी है जिसे हाशिये पर धकेल दिया जाता है। प्रेमचंद ही एक ऐसे साहित्यकार हैं, जिन्होंने आदमी को केंद्र में लाने का साहस किया और आम जनमानस को उसके विषय में सोचने के लिये मजबूर कर दिया। प्रेमचंद का सारा का सारा कथा साहित्य मानवीय संवेदनाओं का साहित्य है। अंत में मैं बस यही कहना चाहूंगी कि हिंदी उपन्यास साहित्य में प्रेमचंद जैसी प्रतिभा और अंतदृष्टि का कोई दूसरा साहित्यकार अवतरित नहीं हुआ। प्रेमचंद के कथा साहित्य में जीवन और समाज के समस्त अंगों व स्तरों का चित्रण बहुत ही प्रभावशाली ढंग से हुआ है। इस प्रकार उन्होंने जीवन के अनुभव और अपनी कलात्मक दृष्टि से शाश्वत साहित्य की सृष्टि की है।

**▶▶प्रो. शशिप्रभा**

विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, वर्धमान कॉलेज, बिजनौर

# प्रेमचंद का साहित्य आज भी प्रासंगिक

**146वीं जयंती पर विशेष**

31 जुलाई का दिन भारतीय साहित्य के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। इसी दिन सन् 1880 में वाराणसी जनपद के लमही गांव में एक ऐसे बालक ने जन्म लिया, जिसने आगे चलकर अपनी लेखनी से भारतीय समाज के दु:ख, दर्द, संघर्ष, करुणा और मानवीय मूल्यों को अमर अभिव्यक्ति दी। वह बालक था- धनपत राय श्रीवास्तव, जिसे संसार ने मुंशी प्रेमचंद के नाम से जाना।

प्रेमचंद केवल हिंदी के उपन्यास सम्राट नहीं थे, बल्कि उर्दू के श्रेष्ठ अफ़साना-निगारों में भी उनका नाम अत्यंत सम्मान से लिया जाता है। उन्होंने अपने साहित्यिक जीवन की शुरुआत 'नवाब राय' के नाम से उर्दू में की। उनकी प्रारंभिक कृति सोज़-ए-वतन में राष्ट्रीय चेतना इतनी प्रखर थी कि ब्रिटिश सरकार ने उसे जब्त कर लिया। इसके बाद उन्होंने 'प्रेमचंद' नाम से लिखना आरम्भ किया और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनका साहित्य भाषा की सीमाओं से ऊपर उठकर मनुष्य और मानवता का साहित्य बन गया।

प्रेमचंद ऐसे समय में लिख रहे थे जब भारत अंग्रेज़ी शासन के अधीन था। समाज सामंती शोषण, आर्थिक विषमता, जातिगत भेदभाव और सामाजिक कुरीतियों से जूझ रहा था। उन्होंने इन समस्याओं को दूर से नहीं देखा, बल्कि उन्हें जिया और फिर पूरी ईमानदारी के साथ अपनी रचनाओं में उतार दिया। उनके पात्र किसी कल्पना-लोक के नहीं, बल्कि खेतों, खलिहानों, गलियों, कस्बों और गांवों से उठकर आए हुए जीवंत चरित्र हैं।

'गोदान' का होरी आज भी भारतीय किसान का प्रतीक है। 'निर्मला ', दहेज-प्रथा की त्रासदी को सामने लाती है। 'गबन' मध्यवर्गीय नैतिक संकट की कहानी है। 'रंगभूमि' में शोषण के विरुद्ध संघर्ष है, जबकि 'कर्मभूमि' सामाजिक परिवर्तन की चेतना का उद्घोष करती है। प्रेमचंद ने उपन्यास को केवल कथा नहीं रहने दिया, बल्कि उसे समाज का दस्तावेज़ बना दिया। उनकी कहानियां भी उतनी ही कालजयी हैं। 'ईदगाह' का छोटा-सा हामिद अपनी दादी के लिए चिमटा खरीदकर त्याग और प्रेम की ऐसी मिसाल कायम करता है कि पाठक की आंखें नम हो जाती हैं। पूस की रात, कफ़न, दो बैलों की कथा, नमक का दरोगा और पंच परमेश्वर जैसी रचनाएं मानवीय संवेदना और सामाजिक यथार्थ की अमूल्य धरोहर हैं।

उर्दू साहित्य में प्रेमचंद का योगदान किसी परिचय का मोहताज नहीं। उन्होंने अफ़साने को महज़ मनोरंजन से निकालकर सामाजिक चेतना का माध्यम बनाया। उनकी भाषा में कृत्रिम अलंकरण नहीं, बल्कि जीवन की सच्चाई और संवेदना की ऊष्मा है। यही कारण है कि हिंदी और उर्दू दोनों संसार उन्हें समान श्रद्धा से स्मरण करते हैं।

आज जब समाज तकनीकी रूप से आगे बढ़ रहा है, किंतु संवेदनाओं के स्तर पर अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब प्रेमचंद का साहित्य नई प्रासंगिकता के साथ हमारे सामने उपस्थित होता है। उनकी रचनाएं हमें याद दिलाती हैं कि विकास केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानवीय भी होना चाहिए।



प्रेमचंद ने लगभग डेढ़ दर्जन उपन्यास, तीन सौ से अधिक कहानियां, अनेक नाटक, निबंध, संपादकीय और लेख लिखे। वे केवल रचनाकार नहीं थे, बल्कि एक सजग पत्रकार, विचारक और सामाजिक चेतना के संवाहक भी थे। उन्होंने हंस और जागरण जैसी पत्रिकाओं के माध्यम से साहित्य को नई दिशा दी। प्रेमचंद का साहित्य पढ़ना केवल कहानी पढ़ना नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को पढ़ना है। यही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है और यही उनकी अमरता का आधार भी।

**▶▶डा. अतीक 'दानिश'**

स्वतंत्र लेखक एवं सहित्यकार

# तीन पीढ़ियों से अख़बारों का वितरण कर रहा राजेंद्र सिंह का परिवार

## पूरी निष्ठा से करते हैं अपना काम

**हल्दौर ( चिंगारी )**। राजेन्द्र सिंह पाल का नगर में एक ऐसा परिवार है जो सिर्फ अख़बार बांटना अपना कार्य ही नहीं समझता, बल्कि इस कार्य को अपने कर्तव्य व आस्था के साथ भी निभाता है। यह परिवार नगर का एक मात्र ऐसा परिवार है जो अकेला ही पिछले करीब 66 वर्षों से सभी अख़बार चिंगारी व बिजनौर टाइम्स सहित सभी मौसम में पूरी लगन व शिद्दत के साथ पाठकों तक पहुंचता चला आ रहा है। इस वक्त इस परिवार की तीसरी पीढ़ी इस कार्य को पूरे दायित्व व कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभा रही है।

नगर के मौहल्ला रईसान निवासी राजेंद्र सिंह पाल के दादा स्व.नत्थन सिंह अख़बारों के एजेंट रहे हैं। उन्होंने सन् 1960 के आसपास से अख़बार विक्रेता के रूप में नगर में काम करना शुरू किया था। उस समय की स्थिति यह थी कि पाठकों को अख़बार पढ़ने के लिए जागरूक किया जाता था। उर्दू, हिंदी व अंग्रेजी के अख़बार शुरू से ही आते थे। उन्होंने कड़ी मेहनत व पूरी लगन से अख़बारों को पाठकों तक पहुंचाने का कार्य किया। यह कार्य उन्होंने करीब 27 वर्षों तक पूरे शिद्दत के साथ किया। सन् 1987 में नत्थन सिंह का देहांत हो गया, जिससे अख़बार जगत सहित नगर क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। उनके निधन के बाद उनके पुत्र दिलीप सिंह ने उक्त क्षेत्र में कार्य करते हुए इस काम को आगे बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने कार्य का विस्तार करते हुए अख़बारों को नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी भिजवाना शुरू किया। नगर के दोनों लोकप्रिय समाचार-पत्र चिंगारी और बिजनौर टाइम्स का उन्होंने शुरू से ही वितरण किया।


स्व.नत्थन सिंह


स्व. दलीप सिंह


राजेंद्र सिंह पाल

सन् 1996 में दिलीप सिंह का देहांत को जाने के बाद उनके बड़े पुत्र राजेंद्र सिंह पाल अपने भाइयों ललित पाल, महिपाल सिंह व राजपाल सिंह के साथ लगातार तीसरी पीढ़ी के रूप में अख़बारों का वितरण करने का कार्य कर रहे हैं। वह चाहे कड़ाके की ठंड हो, चाहे मूसलाधार बारिश हो या फिर भीषण गर्मी हो, सभी मौसम में वह सुबह तड़के नगर सहित आसपास व दूर दराज तक के ग्रामीण क्षेत्रों में पाठकों तक अख़बार पहुंचाने का कार्य करते आ रहे हैं। उक्त जानकारी देते हुए राजेंद्र सिंह पाल का कहना है कि इस वक्त उनका परिवार तीसरी पीढ़ी के रूप में अखबार वितरण का कार्य कर रहा है। अपने पूर्वजों के इस कार्य को वह पूरी लगन व कर्तव्य निष्ठा से निभा रहे हैं। उनका कहना है कि आज सोशल मीडिया के दौर में अखबारों के सर्कुलेशन पर फर्क पड़ा हैं। किंतु बिजनौर टाइम्स व चिंगारी की लोकप्रियता कम नहीं है। उन्होंने बताया कि अखबार वितरण में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सन् 1976 में बिजनौर टाइम्स संस्थान द्वारा उनके पिताजी स्व.दिलीप सिंह को मेडल देकर सम्मानित किया जा चुका है।

**प्रस्तुति : मौ.इरशाद मलिक**

## अधिवक्ताओं ने अनन्य पंडित को सम्मानित किया



**बिजनौर ( चिंगारी )**। सिविल लाइन स्थित एक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की हाईस्कूल परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्र अनन्य पंडित को कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं तथा चिकित्सकों ने फूल मलाएं तथा पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। बिजनौर में जिला उपभोक्ता न्यायालय में मजिस्ट्रेट के रूप में कार्यरत मनोज कुमार पंडित के होनहार पुत्र पंडित को प्रतीक-चिन्ह प्रदान करते हुए कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद चौधरी, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संजीव अग्रवाल बबली ने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ अनन्य पंडित ने यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से सफलता हासिल की जा सकती है। अनन्य ने इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में 100 प्रतिशत, हिंदी और सोशल साइंस में 97-97 प्रतिशत तथा स्टैंडर्ड मैथमेटिक्स में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कोषाधिकारी विजय शंकर तिवारी, बाल कल्याण समिति की सदस्य सुषमा शर्मा तथा वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर बीरबल सिंह ने कहा कि मनोज कुमार पंडित एक कर्मठ अधिकारी हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी घनश्याम सिंह ने तथा संचालन अधिवक्ता देवेंद्र सिंह ने किया।

## चेहलुम पर निकलेगा ताज़िया जुलूस, दोपहर में होगी मजलिस

**बिजनौर ( चिंगारी )**। स्थानीय मोहल्ला बुखारा में हज़रत इमाम हुसैन का चेहलुम 4 अगस्त (मंगलवार) को अकीदत व एहतराम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर दोपहर 2 बजे इमामबाड़ा बुखारा में मजलिस का आयोजन होगा, जिसे मौलाना फ़ैज़ान मेहदी लखनवी खिताब फ़रमाएंगे। मजलिस के उपरांत शाम लगभग 5 बजे जुलूस बरामद होगा। जुलूस में जुलजनाह (घोड़ा दुलदुल), ताज़िया और अलम शामिल रहेंगे। यह अपने परंपरागत मार्ग से इमामबाड़ा बुखारा, पुराना हलवाई वाली गली एवं विदुरकुटी रोड होते हुए नई बस्ती स्थित कर्बला पहुंचेगा। जुलूस के लगभग शाम 7 बजे कर्बला पहुंचने पर ताज़िया दफ़न किया जाएगा। अंजुमन सरकार-ए-हुसैनी, बुखारा के सेक्रेटरी अफ़रोज़ नक़वी ने सभी अकीदतमंदों से कार्यक्रम में शामिल होकर चेहलुम की रस्मों में सहभागिता करने की अपील की।

## व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजीव जोशी ने संगठन का विस्तार किया







**नूरपुर ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजीव जोशी ने नगर के संगठन का विस्तार करते हुए मोहल्ला रामनगर निवासी लोहा सीमेंट व्यापारी कादिर खान को नगर उपाध्यक्ष, मोबाइल व्यापारी सचिन जोशी को नगर महामंत्री व अमर उजाला के स्थानीय पत्रकार मोहल्ला शहीद नगर निवासी प्रमोद शर्मा को मीडिया प्रभारी बनाया है। नगर अध्यक्ष संजीव जोशी ने बताया कि शीघ्र अन्य पदों पर भी नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन में ही शक्ति है किसी भी तरह से व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनका प्रयास रहेगा कि हर सम्भव व्यापारियों की सहायता की जाए। उन्होंने ऑनलाइन शापिंग का विरोध करते हुए सरकार से इस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। ऑनलाइन व्यापार के बढ़ने से स्थानीय व्यापारियों में निराशा है।

## रघुराज नागर बने वीर गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**हल्दौर ( चिंगारी )**। जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी हल्दौर के प्रबंधक रघुराज सिंह नागर को राष्ट्रीय वीर गुर्जर महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है, जिससे गुर्जर समाज के लोगों में हर्ष व्याप्त है। अमृत परिसर ब्रजघाट में राष्ट्रीय वीर गुर्जर महासभा का एक भव्य और विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज में अग्रणी भूमिका निभा रहे समाजसेवकों को राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नवीन कार्यकारिणी का भी गठन किया गया, जिसमें भाग सिंह को सर्वसम्मत से राष्ट्रीय अध्यक्ष, रघुराज सिंह नागर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रमोद कसाना को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं मास्टर राजपाल सिंह को राष्ट्रीय महासचिव चुना गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर रघुराज सिंह नागर ने कहा कि संगठन ने जिस उम्मीद और आशाओं के साथ उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है, उस पर वह पूरी कर्तव्यनिष्ठा से काम करते हुए समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे।



# अब दूधिया रोशनी से जगमगायेगा मछली बाजार

## चेयरमैन व ईओ ने किया आधुनिक लाइटों का लोकार्पण

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद ने शहर की प्रकाश व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए ऊंची पुलिया से मछली बाजार तक 40 लाख रुपये की लागत से लगाई गई 38 आधुनिक स्ट्रीट लाइटों का शुभारंभ कर दिया। कल देर शाम आयोजित कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह और अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला ने जनप्रतिनिधियों के साथ लाइटों का उद्घाटन किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ नारियल भंजन कर एवं फीता कटकर किया गया। इसके बाद लाइटों को जनता के लिए समर्पित किया गया। लाइटें जलते ही पूरे मार्ग पर बेहतर रोशनी फैल गई, जिससे स्थानीय लोगों ने नगर पालिका के इस प्रयास की प्रशंसा की।

पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने बताया कि यह परियोजना पहले चरण के अंतर्गत पूरी की गई है। आने वाले समय में दूसरे चरण में नगर के अन्य प्रमुख मार्गों और वार्डों में भी आधुनिक एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि नगर के विकास कार्य लगातार जारी हैं और बरसात समाप्त होने के बाद ऊंची पुलिया से मछली बाजार तक सड़क निर्माण का कार्य भी शुरू कराया जाएगा। अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला ने कहा कि नई प्रकाश व्यवस्था से रात के समय लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी और अंधेरे की समस्या दूर होगी। नगर पालिका का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर टैक्स इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह, पालिका कर्मचारी पुष्पेंद्र सक्सेना तथा सभासद हाजी मुंशी नसीम अंसारी, सभासद फरज नसीम अहमद, मुकुल सैनी, प्रभात गुप्ता, सोनू वर्मा, रविशंकर सैनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## समाजसेवी असलम मंसूरी की वालिदा का इंतकाल

**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला नई बस्ती पुराना धामपुर हुसैनपुर निवासी इस्लाहुल मंसूर के मुरादाबाद मंडल प्रभारी एवं समाजसेवी असलम मंसूरी की वालिदा जरीना खातून (80 वर्षीय) का लंबी बीमारी के चलते आज प्रातः निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। उनके जनाजे को अस्र की नमाज के बाद मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा गोरे गरीबा कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। जनाजे में सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन, नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, वार्ड सभासद सलमान अहमद, इस्लाहुल मंसूर के राष्ट्रीय अध्यक्ष इरफान मंसूरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महमूद हसन कस्सार, सलमान अंसारी, जावेद अली, हनीफ मंसूरी, हाजी जाहिद, शमीम फल वाले, पत्रकार जुल्फिकार मंसूरी, फरीद अहमद, सुखबीर सिंह, मास्टर इस्माइल मंसूरी, अशरफ पहलवान बस वाले, महिपाल सिंह, बुंदू मंसूरी, नफीस मन्सूरी, अजीम मंसूरी, हैदर अली, पप्पू मंसूरी, के अलावा सैकड़ों नागरिक मौजूद थे।

# बाहर शंकर जी की फ्लेक्सी लगाकर नानवेज बेच रहा था ढाबे के अंदर

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर-नहटौर बाईपास पर दुकान के बाहर शंकर भगवान की फ्लेक्सी लगाकर नॉनवेज बेचने वाले एक ढाबे को पुलिस ने कल बंद करा दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि नहटौर बाईपास पर एक मुस्लिम समुदाय के पुरैनी निवासी युवक ने नॉनवेज का ढाबा संचालित कर रखा है। शासन के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निमित पुलिस ढाबे पर पहुंची तो पाया कि दुकान के बाहर शंकर भगवान की फ्लेक्सी लगाकर मनदीप कुमार नामक कारीगर से नॉनवेज बनवाकर बेचा जा रहा है। पुलिस ने जब मनदीप से पूछताछ की तो उसने बताया कि यह ढाबा मैं चला रहा हूं तो पुलिस ने पूछा कि दुकान के अंदर कौन बैठे हुए हैं पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली कि यह ढाबा पुरैनी निवासी मुस्लिम समुदाय का एक व्यक्ति संचालित कर रहा हैं जो स्वयं तो अंदर बैठा रहता है और बाहर हिंदू कारीगर रखकर ढाबा चला रहा है।जिस पर पुलिस ने ढाबे को बंद करा दिया और संचालक को निर्देश दिए कि श्रावण मास में नॉनवेज की बिक्री नहीं होगी।

# गंगा जल लेकर कांवड़तियों ने शुरू किया प्रस्थान, पुलिस 24 घंटे रखेगी शिवभक्तों का ध्यान



**धामपुर ( चिंगारी )।** श्रावण मास में मनाई जाने वाली महाशिवरात्रि आगामी 11 अगस्त को है। ऐसे में दूर दराज क्षेत्रों के शिव भक्त कांवड़ियों ने हरिद्वार से कलश और कांवड़ में जल भरकर धामपुर के भीतरी और बाहरी भागों से अपने गंतव्य स्थानों को जाना प्रारंभ कर दिया है।

उधर पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। पुलिस विभाग की ओर से दुर्गा विहार कॉलोनी के पास बाईपास पर 24 घंटे पुलिस पिकट तैनात रहेगी। इसके लिए पुलिस विभाग द्वारा तिराहे पर पक्का टिन शेड बनवाकर उसमें बिजली का कनेक्शन करा दिया गया है, जिससे वहां ड्यूटी देने वाले पुलिस कर्मियों को धूप और वर्षा से राहत मिल सके। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने स्थान-स्थान पर फ्लेक्सी लगवाने के साथ पुलिस पिकट तैनात कर दी है। उन्होंने बताया कि कांवरती जिस मार्ग से गुजरेंगे उस पर पथ प्रकाश की समुचित व्यवस्था रहेगी। नगर पालिका परिषद की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले पार्क और नगीना चौराहे को विशेष रूप से बिजली की झालरों से सजाया गया है। सिवहारा चुंगी पर इकड़ा की पुलिया से मछली बाजार चौराहे तक नगर पालिका द्वारा लगाई गई 34 हाई मास्क लाइट को भी कल से कावर्तियों की सुविधा के लिए शुरू कर दिया गया है। अब यह मार्ग रोशनी से सराबोर रहेगा।

# बंद पड़ा था मकान, चोरों ने समेटा सामान

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर की फ्रैंड्स कॉलोनी में चोरों ने एक बंद पड़े हुए घर को पूरी तरह खंगाल डाला। घटना की सूचना मिलने पर कालोनी के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फ्रैंड्स कॉलोनी निवासी समरपाल सिंह पिछले चार-पांच दिन से किसी कार्य के सिलसिले में दिल्ली गए हुए थे। घर पर कोई नहीं था। इसी बीच चोरों ने आराम से घर को खगाला और गैस का सिलेंडर, वाशिंग मशीन, फ्रिज आदि सामान ले गए। इसी दौरान पड़ोसियों ने जब घर का ताला टूटा देखा , तो उन्होंने तुरंत मोबाइल पर घटना की सूचना समरपाल सिंह को दी। सूचना मिलते ही समरपाल सिंह ने अपने एक रिश्तेदार को मौके पर भेजा, तो उन्होंने घर के अंदर अलमारी, डबल बेड आदि का सामान घर में बिखरा हुआ देखा। घटना की जानकारी डायल 112 पर पुलिस को दे दी गई है।

# कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी के सिद्ध पीठ श्री नवदुर्गा खाटू श्याम मंदिर मे आज से प्रारंभ हुए 10 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा मंदाकिनी महोत्सव के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें पीत वस्त्र धारी 51 महिलाओं तथा पुरुषों ने भाग लिया। मंदिर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया जिसके मुख्य यजमान अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम टांडा बैरागी निवासी नितिन कुमार शर्मा एवं उनकी पत्नी शिवानी शर्मा सहित पार्थ शर्मा व मोहन शर्मा रहे। पूजन कार्यक्रम किरतपुर से पधारे पुरोहित पंडित शुभम कुमार शर्मा, पंडित सुमित कुमार वशिष्ठ एवं पंडित अमित कुमार वशिष्ठ ने संपादित कराया। कलश यात्रा में एक सुसज्जित घोड़ा बग्गी पर मंदिर के पीठाधीश्वर एवं श्री शिवमहापुराण कथा वाचक आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ महाराज विराजमान थे। इसके अतिरिक्त मुख्य यजमान नितिन शर्मा अपने सिर पर श्री शिव महापुराण धारण किए हुए थे जबकि उनकी धर्मपत्नी शिवानी शर्मा ने प्रमुख मंगल कलश को धारण करने का सौभाग्य अर्जित किया। दुर्गा विहार कॉलोनी के सभी प्रमुख निर्धारित मार्गों की परिक्रमा के बाद कलश यात्रा मंदिर पर ही पहुंचकर संपन्न हुई, जहां सभी मंगल कलश व्यास पीठ के समक्ष स्थापित कर दिए गए।



# दुकान स्वामी व किरायेदार का विवाद, समझौते के बाद हुआ समाप्त

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर में नेताजी सुभाष मार्ग मार्ग पर एक किराये की दुकान को लेकर चले आ रहे विवाद का 30 जुलाई 2026 को आपसी सहमति और लिखित समझौते के बाद समाधान हो गया।

दुकानदार डॉ. अमित गुप्ता ने 10 साल के लिए अपना व्यापार इसी एग्रीमेंट से शुरू किया था। बीच में ऑनर की मृत्यु के कारण करीब 9-10 माह तक कोई व्यवधान नहीं आया। बाद में ऑनर के परिवार की मनस्थिति बदलने के कारण विवाद उत्पन्न हुआ। डॉ. अमित गुप्ता ने गुरुवार की शाम अपडेट प्रतिष्ठान पर आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि भाजपा नेताओं महेंद्र धनोरिया एवं सुभाष चौहान जी की मध्यस्थता से यह विवाद खत्म हुआ।



पत्रकार वार्ता करते हुए अमित गुप्ता।

उन्होंने बताया कि समझौते के तहत किराया बढ़ाकर 15000 रुपए मासिक तय हुआ है और 10 साल तक व्यापार करने की अनुमति भी दे दी गई। उन्होंने बताया कि समझौता करने वाले भाजपा नेताओं सुभाष चौहान और महेंद्र धनोरिया ने विश्वास दिलाया कि इस दौरान हुए नुकसान की भरपाई भी की जाएगी। पत्रकार वार्ता के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष एसपी सलूजा,उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय जैन,मुदित बंसल भी मौजूद रहे।

# रावली तटबंध के निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

## विजिलेंस जांच और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

### भारतीय किसान संघ ने किया धरना-प्रदर्शन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गंगा किनारे रावली तटबंध के निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं और घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान संघ ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एडीएम एफ/आर देवेंद्रपाल सिंह को सौंपा। किसानों ने पूरे मामले की विजिलेंस जांच कराने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

गुरुवार को सौंपे ज्ञापन में किसान संघ का आरोप है कि पिछले वर्ष रावली तटबंध टूटने से करीब डेढ़ दर्जन गांवों के किसानों की फसल और कृषि भूमि को भारी नुकसान हुआ था। इसके बाद शासन ने तटबंध की मरम्मत के लिए लगभग 25 से 30 करोड़ रुपये स्वीकृत किए, लेकिन निर्माण कार्य में गुणवत्ता और मानकों की अनदेखी की गई। किसानों का आरोप है कि जिस अधिकारी ने तटबंध की मूल डिजाइन तैयार की थी, उसका अचानक तबादला कर दिया गया। इसके बाद नये अधिकारी ने बाढ़ निरोधक कार्यों के निर्धारित मानकों की अनदेखी करते हुए तटबंध की गहराई, चौड़ाई और लंबाई में भी स्वीकृत डिजाइन से कथित रूप से बदलाव कर दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह, जिला मंत्री कल्याण सिंह, कमल प्रताप सिंह, दीपक कुमार, अमित कुमार, नरेंद्र सरकार, पुष्पराज आर्य, रूपेंद्र, सावित्री देवी सहित बड़ी संख्या में किसान एवं भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। धरने से पहले भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने रावली तटबंध का स्थलीय निरीक्षण किया। संगठन का दावा है कि निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में कई गंभीर कमियां सामने आईं। किसानों ने मेजरमेंट बुक और स्वीकृत डिजाइन का भौतिक सत्यापन कराने की मांग की।

### हर साल भ्रष्टाचार होने का आरोप

**भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने आरोप लगाया कि सिंचाई विभाग हर वर्ष बाढ़ नियंत्रण और तटबंध मरम्मत के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च करता है, लेकिन इसका लाभ किसानों को नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि गंगा कटान से किसानों की उपजाऊ भूमि के साथ-साथ ऐतिहासिक धरोहरों को भी नुकसान पहुंच रहा है।**

## युवती की गुमशुदगी को लेकर गांव में तनाव

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के कश्मीरपुर गढ़ी गांव में एक 18 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस तभी से बरामदगी के प्रयासों में जुटी है, लेकिन 5 दिन बीत जाने के बाद युवती का कोई सुराग नहीं मिला है, जिसके कारण यह मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। युवक-युवती एक ही बिरादरी और गोत्र के बताये जा रहे हैं जिसको लेकर गांव के लोग भारी गुस्से में हैं। गांव में तनाव की स्थिति है।

पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार युवती 28 जुलाई 2026 को सुबह सवेरे अपने घर से लापता हो गई थी, परिजनों ने उसकी तलाश हर संभावित स्थानों पर की लेकिन उसका कोई सुराग न मिल सका। इस प्रकरण ने बृहस्पतिवार को उस समय तूल पकड़ लिया, जब गांव के सार्वजनिक स्थान फल चौक पर हुई पंचायत में कठोर निर्णय लेते हुए वहां के लोगों द्वारा मामले को लेकर चिंता व्यक्त की गई। आक्रोशित लोगों का कहना है कि अगर ऐसे मामलों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो गांव का माहौल तो खराब होगा ही, साथ ही आने वाली पीढ़ी पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा। इसके बाद सभी ग्रामीणों ने बिजनौर पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को मामले से अवगत कराते हुए प्रार्थना-पत्र दिया। उधर लापता युवती के परिजनों का आरोप है कि दबाव बनाने के लिए आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे पुलिस को अवगत करा दिया गया है। चर्चा यह भी है कि आरोपी चोरी छिपे कोर्ट मैरिज कराने की फिराक में है।

## बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर का रिज़ल्ट रहा शानदार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक कॉलेज बिजनौर में बी.बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा घोषित कर दिया गया है। बी.बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर में छात्र हिमाद्री चौहान ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुधांशु कुमार ने 74 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा पलक यादव ने 72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। प्रबंधन विभाग के प्राचार्य डा. सर्वेश कुमार शीतल ने कहा कि बी.बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर का यह उत्कृष्ट परिणाम हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक व्यवस्था का प्रमाण है। महाविद्यालय के अध्यक्ष अमित गोयल ने अपने संदेश में कहा विवेक कॉलेज में शिक्षा का लक्ष्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जिम्मेदार, आत्मनिर्भर और नैतिक नागरिक बनाना है।








## चरण सिंह राजपूत को मिला 'नामवर स्मृति सम्मान'



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद के थाना किरतपुर के अंतर्गत पड़ने वाले गांव लच्छीरामपुर के निवासी चरण सिंह राजपूत को पत्रकारिता के क्षेत्र में सराहनीय काम करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज में नामवर स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया है। नारायणी साहित्य अकादमी ने नामवर सिंह जन्मशताब्दी समारोह आयोजित किया था। इस कार्यक्रम में देश के जाने-माने साहित्यकार, लेखक और पत्रकार शामिल हुए थे। चरण सिंह राजपूत को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। बता दें कि चरण सिंह राजपूत ने बिजनौर से नोएडा जाकर दिल्ली एनसीआर में विशेष मुकाम हासिल किया। चरण सिंह न केवल पत्रकारिता के क्षेत्र में ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ जमीनी मुद्दे उठा रहे हैं, बल्कि एक आंदोलनकारी के रूप में अन्याय के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई भी लड़ रहे हैं। आज की तारीख में वह एक पत्रकार-लेखक के अलावा भारतीय सोशलिस्ट मंच और किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में एक सोशल एक्टिविस्ट की हैसियत से किसान, मजदूर और युवाओं के साथ ही हर वर्ग की लड़ाई लड़ते देखे जाते हैं। दिल्ली जंतर-मंतर पर विभिन्न आंदोलन में उन्हें देखा जा सकता। हाल में ही में शिक्षा सुधार को लेकर दिल्ली जंतर-मंतर पर हुए सीजेपी आंदोलन में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई। तीन कृषि कानून को वापस कराकर केंद्र सरकार को घुटने टिकवाने वाले संयुक्त किसान मोर्चा ने जब इस आंदोलन को समर्थन देने को 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भेजा तो किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता की हैसियत से चरण सिंह भी इस प्रतिनिधिमंडल में मौजूद थे।

# 'लौटते ही गिरफ्तार होंगी हसीना, सरेंडर का मौका नहीं'



## बांग्लादेश के कानून मंत्री का बयान

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। बांग्लादेश के कानून मंत्री एम असदुज्जमां ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत से लौटने पर उनके सरेंडर करने से पहले उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बांग्लादेश के कानून मंत्री एम असदुज्जमां ने कहा है कि उन्हें तुरंत गिरफ्तार किए जाने की संभावना है, इससे पहले कि उन्हें सीधे अदालत में सरेंडर करने का मौका मिले। बांग्लादेश सरकार का यह बयान एक दिन बाद आया है जब हसीना ने एक समाचार एजेंसी से कहा था कि अपनी जान को खतरा होने के बावजूद वह दिसंबर तक अपने देश लौटने के लिए दृढ़ हैं। शेख हसीना ने कहा कहा, हो सकता है कि मेरी हत्या कर दी जाए। हो सकता है कि मुझे गिरफ्तार कर लिया जाए। हो सकता है कि मुझे जेल भेज दिया जाए।।। मुझे अपनी किस्मत के बारे में पूरी जानकारी है। फिर भी मैं वापस जाना चाहती हूं क्योंकि मेरे लोग मुझे बुला रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में उनके कुछ और इंटरव्यू सामने आए जिनसे पता चला कि वह अपनी पार्टी के साथियों के साथ इस साल के आखिर तक बांग्लादेश लौटने की संभावना पर चर्चा कर रही थीं। असदउज्जमां ने कहा कि 78 साल की हसीना को लौटने का हक है, लेकिन कानून अपना काम करेगा और हम ऐसा कुछ नहीं करेंगे जिससे कानून का उल्लंघन हो।

मंत्री ने पत्रकारों से कहा, मौत की सज़ा पाए होने और बांग्लादेशी नागरिक होने के बावजूद अगर वह देश लौटकर और कानून का सम्मान करते हुए सरेंडर करना चाहती हैं, तो हो सकता है कि ऐसा करने से पहले ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाए। हम उस अधिकार का इस्तेमाल करेंगे जो कानून ने हमें दिया है।

जब मंत्री असदउज्जमां से पूछा गया कि उनके बाद आई अंतरिम सरकार ने उनका पासपोर्ट रद्द कर दिया था, तो वह कैसे बांग्लादेश वापस आ सकती हैं, तो मंत्री असदुज्जमां ने कहा, यह उनकी प्रॉब्लम है, मेरी नहीं। उन्होंने कहा, जब भी वह हमारे इलाके में आएंगी, मैं कानून के तहत मुझे जो अधिकार दिया है, उसे लागू करूंगा। अगस्त 2024 में बांग्लादेश में छात्रों के हिंसक सड़क विरोध प्रदर्शनों के बाद हसीना की सरकार गिरा दी गई थी, जिसके बाद हसीना भारत आ गईं थीं। जैसे ही अंतरिम सरकार ने चार्ज संभाला एक स्पेशल कोर्ट ने एंटी-टेरर कानून के तहत एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के तहत हसीना की पॉलिटिकल पार्टी अवामी लीग को भंग कर दिया।

# रूहेलखंड विश्वविद्यालय में लक्ष्य ग्रुप स्योहारा का परचम लहराया



## पांच विद्यार्थियों को मिलेगा स्वर्ण पदक

**स्योहारा (चिंगारी)।** महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतिम वर्ष में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की विश्वविद्यालय स्तरीय टॉपर मेरिट सूची जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय के 24वें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्रदान किए जाने हेतु प्रकाशित 82 मेधावी विद्यार्थियों की सूची में लक्ष्य ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के पांच छात्र-छात्राओं ने विभिन्न संकायों में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है।



विश्वविद्यालय की सूची के अनुसार एम.एससी. होम साइंस में अंजली रानी, एम.एससी. गणित में नितिन कुमार, एम.एससी. इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री में हिमांशी चौहान, एम.ए. अंग्रेजी (फाइनल) में प्रिया विश्नोई तथा बी.एससी. कंप्यूटर साइंस में स्तुति चौहान ने अपने-अपने विषयों में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। इन सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के 24वें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) से सम्मानित किया जाएगा। इस उपलब्धि पर लक्ष्य ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रबंधन, प्राचार्य एवं शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान ने इसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम बताया।

# 14 वर्ष की आयु में हुज़ैफ़ा के हाफ़िज़-ए-कुरआन बनने से खुशी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर निवासी मोहम्मद फुरकान मुल्तानी के साहबज़ादे हुज़ैफ़ा ने महज़ 14 वर्ष की आयु में मुकद्दस कुरआन-ए-करीम का मुकम्मल हिफ्ज़ कर एक अहम दीनी मुकाम हासिल किया है। इस कामयाबी पर उसके परिवार व रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है। हुज़ैफ़ा की इस शानदार कामयाबी को उनकी अथक मेहनत, लगन, वालिदैन की बेहतरीन तरबियत व उस्ताद-ए-किराम की खुलूस भरी तालीम का नतीजा बताया जा रहा है। कम उम्र में हाफ़िज़-ए-कुरआन बनना न सिर्फ़ उनके लिए बल्कि पूरे परिवार व शहर के लिए फ़ख्र व मुसर्रत का बाइस है। इस मुबारक मौके पर शहर के उलेमा-ए-किराम, सामाजिक हस्तियों व अज़ीज़-ओ-अक़ारिब ने मोहम्मद फुरकान मुल्तानी व उनके परिवार को दिली मुबारकबाद पेश करते हुए हाफ़िज़ हुज़ैफ़ा के रोशन मुस्तकबिल, दीन पर इस्तिक़ामत व उम्मत की खिदमत के लिए दुआएं कीं। खुशी जाहिर करने वालों में मौ. फुरकान, हाजी इनाम, हाजी उस्मान, हाजी अहसन, मौहम्मद जीशान, कारी शहबाज, कारी शहाबुद्दीन, मुफ्ती अब्दुल्ला, मुफ्ती नोमान, शाहवाज प्लम्बर आदि शामिल रहे।


मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब

M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


# गोल्डन लायनेस क्लब बिजनौर मेन ने अधिष्ठापन समारोह में की सहभागिता



## दो प्रतियोगिताओं में जीते द्वितीय पुरस्कार

बिजनौर (चिंगारी)। गोल्डन लायनेस क्लब बिजनौर मेन ने गाज़ियाबाद में डीसीपी जी.एल. नीतू जैन के तत्वावधान में आयोजित भव्य अधिष्ठापन समारोह में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित बैनर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में क्लब ने 'जियो और जीने दो' विषय पर प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक प्रस्तुति दी, जिसके लिए गोल्डन लायनेस क्लब बिजनौर मेन को डिस्ट्रिक्ट सी-1 में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त आयोजित स्वर्णिमा लोगो प्रतियोगिता में क्लब की सदस्य सुनीता सिंह द्वारा तैयार किए गए आकर्षक एवं रचनात्मक लोगो को भी द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। क्लब की अध्यक्ष अनामिका राजपूत ने इस उपलब्धि को क्लब की सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयास, रचनात्मक सोच एवं टीम भावना का परिणाम बताते हुए सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को बधाई दी। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष अनामिका राजपूत, सचिव नीतू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राधा शर्मा, आशा अग्रवाल, सुनीता सिंह, विनीता रघुवंशी, सुचित्रा चौहान, विनीता राजपूत, मनु अग्रवाल, नित्ती अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, मंजू सिंह, प्रीति अग्रवाल, अपर्णा सिंह एवं लता शर्मा सहित क्लब की सभी सदस्य उपस्थित रहीं।

# तमंचे से किशोर को आतंकित कर युवक ने फैलाई सनसनी




**नांगल सोती ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय में आज उस समय सनसनी फैल गई, जब दूसरे गांव का एक युवक तमंचे से एक किशोर को आतंकित करने लगा। गांव निवासी युवक ने उसका विरोध किया, तो वह उसे भी गोली मारने की धमकी देकर अपनी बाइक छोड़कर भाग निकला।

घटना आज पूर्वाह्न सवा 11 बजे की है। ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय निवासी 13 वर्षीय किशोर मयंक पुत्र मुकेश कश्यप को दूसरे गांव का एक युवक बस्ती के बीच तमंचे से आतंकित कर रहा था। घटनास्थल के सामने स्थित घर का युवक दिवाकर बाहर निकला और उसने इसका विरोध किया, तो आरोप है कि तमंचे वाले युवक ने अपनी बाइक की ओट में तमंचे में कारतूस डाला और उसे भी गोली मारने की धमकी दी। दिवाकर ने साहस दिखाते हुए उसे पकड़ने का प्रयास किया, तो वह तमंचा दिखाते हुए अपनी बाइक छोड़कर भाग निकला। दिवाकर ने इसकी सूचना डायल-112 और नांगल थानाध्यक्ष को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। स्प्लेंडर प्लस बाइक बिना नंबर प्लेट की है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दिवाकर का कहना है कि कुछ लोगों ने युवक की पहचान दहीरपुर निवासी के रूप में की है। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।




# संत रविदास की प्रतिमा पर दीप जलाकर समरसता दिवस मनाया

**नगीना ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्री गुरु रविदास के 650 में जन्म दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे कार्यक्रम में प्रांतीय पार्षद रोहित रवि एवं पूर्व विधायक क्षितीश गौतम ने ग्राम धर्मपुरा एवं मोहल्ला लाल सराय में संत शिरोमणि गुरु रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप जलाकर समरसता दिवस मनाया। कार्यक्रम में रोहित रवि ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में गुरु रविदास के 650 वें जन्म दिवस को समरसता दिवस के रूप में मना रही है। जो विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सतीश गौतम, प्रांतीय पार्षद रोहित रवि, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, एडवोकेट अमिचंद रवि, हरपाल सिंह, मनोहर सिंह, प्रीतम सिंह, अमन कुमार, संदीप सिंह आदि ने माल्यार्पण कर दीप जलाकर स्थानीय लोगों के साथ समरसता दिवस मनाया।






# वहाब सलमानी को प्रचार मंत्री मनोनीत किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन नजीबाबाद को मजबूत बनाने के लिए जिला महासचिव रईस कुरैशी व स्टेशन रोड शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, मीडिया प्रभारी दीपांशु वर्मा के नेतृत्व में मछली बाजार शाखा अध्यक्ष शाहबाज़ अंसारी ने वहाब सलमानी को शाखा का प्रचार मंत्री मनोनीत किया है। प्रचार मंत्री को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर व्यापार संगठन के पदाधिकारी सिताब खान, नदीम फारूकी सहित काफी अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

# हमने मन ही मन में तय कर लिये हैं 2027 विस चुनाव के लिये पार्टी प्रत्याशी- अखिलेश

**बदायूं ( एजेंसी/चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी ने मन ही मन सभी प्रत्याशी तय कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में सड़क, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था, किसानों और युवाओं से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहेंगे। पूर्व मंत्री एवं सहसवान से पांच बार विधायक रहे स्वर्गीय ओमकार सिंह को श्रद्धांजलि देने के बाद मीडिया से बातचीत में श्री यादव ने गुरुवार को राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने गंगा एक्सप्रेस-वे सहित अन्य सड़क परियोजनाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि समाजवादी सरकार के समय बने एक्सप्रेस-वे बेहतर गुणवत्ता के थे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में बनी कई सड़कें उद्घाटन के बाद ही क्षतिग्रस्त हो गईं। ई-20 ईंधन के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यदि एथेनॉल मिश्रित ईंधन वास्तव में वाहनों के लिए लाभकारी है तो वाहन निर्माता कंपनियों को सार्वजनिक रूप से इसके लाभ बताने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि कंपनियां ऐसा नहीं कर रहीं तो सरकार उन पर दबाव बना रही है।

# डा. ए. के. सिसौदिया का निधन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** संयुक्त निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, लखनऊ से वर्ष 2014 में सेवानिवृत्त डा. अरविन्द कुमार सिसौदिया ( डा. ए. के. सिसौदिया ) निवासी जैतरा हाल निवासी असगरीपुर का बृहस्पतिवार को 73 वर्ष की आयु में कॉसमॉस अस्पताल, मुरादाबाद में निधन हो गया। दोपहर बाद गंगा घाट ( बैराज ) पर उनका अंतिम संस्कार हुआ। अंतिम संस्कार के दौरान खराब मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। उनके छोटे पुत्र विजयन्त सिंह सिसौदिया ने चिता को मुखाग्नि दी। डा. ए. के. सिसौदिया अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि। डा. ए.के. सिसौदिया का एक पुत्र राहुल सिंह है। विधान परिषद सदस्य डा. जयपाल सिंह व्यस्त, सेवानिवृत्त कमिश्नर वीरेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व डीआरएम एके सिंघल, पूर्व आईएएस रामनवल सिंह आदि ने डा. ए. के. सिसौदिया के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

# राजा अंसारी सहित 10 लोग पॉक्सो एक्ट में बरी

## वर्ष 2023 में 10 के विरुद्ध दर्ज हुआ था मामला

## नाबालिग का अपहरण कर कुकर्म करने का लगा था आरोप

**नहटौर (चिंगारी)।** नगर पालिका नहटौर की पूर्व पालिकाध्यक्षा के पुत्र राजा अंसारी सहित 10 लोग नाबालिग का अपहरण करने, कुकर्म करने, मारपीट करने के मामले में बरी हो गये हैं, जिससे राजा अंसारी के समर्थकों में खुशी व्याप्त हो गई। उन्होंने इसे सत्य की जीत बताया।

नहटौर निवासी एक व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि 27 मई 2023 को उसके नाबालिग पुत्र व उसके दोस्त का इजहार उर्फ राजा अंसारी व उसके नौ साथियों ने अपहरण कर लिया था और उन्होंने उसके पुत्र के साथ मारपीट की थी और वीडियो भी बनाई थी, उसमें यह भी आरोप लगाया था कि नाबालिग के साथ कुकर्म भी किया गया था। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की थी। राजा अंसारी ने मामले को राजनीतिक साजिश बताते हुए खुद व साथियों के निर्दोष होने का दावा किया था। मामले में विशेष न्यायाधीश (पोस्को अधिनियम) बिजनौर कल्पना पाण्डेय ने गवाहों के पक्ष द्रोही होने एवं साक्ष्यों के अभाव में सभी आरोपियों को निर्दोष पाते हुए दोषमुक्त कर दिया। मामले में दोषमुक्त होने की जानकारी मिलते ही राजा अंसारी सहित सभी ने खुशी जताई। राजा अंसारी ने कहा कि मैंने पहले भी कहा था कि मामला राजनीतिक और झूठा है। माननीय न्यायालय द्वारा उनके साथ न्याय किया गया है।

### यह हुए बरी...

मामले में राजा अंसारी के साथ मौ. आसिम, शब्बू मंसूरी शेखान नहटौर, जावेद कुरैशी निवासी मौ. कस्बा नहटौर, जीशान अंसारी निवासी मौ. फराशान नहटौर, परवेज मौ. नेजो सराय, गुलफाम निवासी ग्राम कश्मीरी, अमीर आलम मौ. नौधा, नहटौर, आसिफ मलिक एवं शादाब मौहल्ला नई आबादी को न्यायालय द्वारा बरी कर दिया है।

### सच के पक्ष में आया निर्णय- राजा अंसारी

अपहरण करने एवं पोस्को जैसे संगीन अपराध में बरी होने पर राजा अंसारी ने इसे न्याय की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि पहले भी कहा था कि यह मामला राजनीति साजिश है और उन्हें व उनके साथियों को झूठा फंसाया गया था। माननीय न्यायालय के फैसले से उन्हें राहत मिली है।

# पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल ने आरबीडी डिग्री कालेज में लगाया मेडिकल कैम्प

**बिजनौर (चिंगारी)।** पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल बिजनौर द्वारा नगर के आरबीडी गर्ल्स डिग्री कालेज में नि:शुल्क मेडिकल कैम्प आयोजित किया गया। हॉस्पिटल के चेयरमैन डा. हरीश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में आयोजित कैम्प में कालेज की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं का चैकअप कर नि:शुल्क दवाइयां दी गईं। कैम्प में हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. दिनकर राणा, महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. साक्षी चौहान, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. कामिल, फिजिशियन डा. मोहित शर्मा एवं जनरल फिजिशियन डा. दिग्विजय चौधरी द्वारा छात्राओं व स्टाफ का चैकअप कर आवश्यक सलाह दी गई। कालेज की प्राचार्या डा. पारूल त्यागी ने पुलकित हॉस्पिटल की टीम का स्वागत एवं सम्मान किया। शिविर को सफल बनाने में पुलकित हॉस्पिटल के एचआर एडमिन अनिकेत शर्मा एवं सीनियर मार्केटिंग मैनेजर सीपी सिंह का विशेष योगदान रहा।



# गुरु मंत्र का सुमिरन करते रहें- योगानंद

**बिजनौर (चिंगारी)।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जय भक्तिराम चतुर्भुज धाम आश्रम जाटान में श्रद्धा भक्ति और सेवा भाव का अनूठा संगम देखने को मिला। इस अवसर पर विशाल भंडारा आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए योगानंद महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है और गुरु पूर्णिमा का पर्व हमें अपने गुरु के प्रति श्रद्धा सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। योगानंद महाराज ने कहा कि प्रत्येक मानव को प्रेम, भाईचारा, सेवाभाव, सदाचार, सिमरन, सत्संग, भजन को अपनाना चाहिए और गुरुद्वारा दिए गए गुरु मंत्र का हमेशा सुमिरन करें। आश्रम के अध्यक्ष महाराज गंभीरानंद ने सभी श्रद्धालुओं का तिलक करके उनका स्वागत अभिनंदन किया तथा विदाई के समय उपहार दिए। आश्रम के संस्थापक व्यवस्थापक दाताराम महाराज, गोपालानंद, परमात्मानंद, धर्मानंद, कृष्णानंद, सत्यानंद, गंभीरानंद, नरेशानंद, अकेलानन्द, शोभानंद, मुक्तानंद, सुरेशानंद, शंकरनन्द, योगानंद महाराज ने अपने भजन प्रवचन के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को गुरु महिमा के बारे में विस्तार से बताया।



# निराश्रित गौवंशों को गौशाला भिजवाया

**नहटौर (चिंगारी)।** गुरुवार को नगर पालिका एवं पशुपालन विभाग की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाकर नगर के मुख्य मार्गों और कांवड़ यात्रा मार्ग पर घूम रहे निराश्रित गौवंशों को पकड़कर गौशाला भिजवाया। अधिशासी अधिकारी ओम गिरि व पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनुराग चौधरी ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नगर की सड़कों और कांवड़ मार्ग पर घूम रहे निराश्रित गौवंशों को लगातार गौशाला भेजा जा रहा है। साथ ही कांवड़ मार्ग पर स्वच्छता, यातायात व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जा रही है।



# पूर्व सांसद से मिले नहटौर पालिका सभासद

## नगर पालिका प्रशासन पर भेदभावपूर्ण नीति अपनाने का आरोप

**नहटौर (चिंगारी)।** नगर पालिका परिषद नहटौर के एक दर्जन सभासदों ने पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने पालिका प्रशासन से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

हल्दौर रोड स्थित पूर्व सांसद के कैंप कार्यालय पहुंचे नगर पालिका नहटौर के सभासद विशाल हाशमी, बिजेंद्र सैनी, रामोतार सैनी, कलीम अहमद, अकील अहमद, शाहिद, श्रवण कुमार, रियासत हुसैन, सलीम अहमद आदि ने डॉ. यशवंत सिंह से भेंट की। इस दौरान उन्होंने पालिका प्रशासन पर भेदभावपूर्ण नीति के साथ कार्य करने का आरोप लगाया। बताया जाता है कि पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह ने सभासदों की समस्या के संबंध में उनसे संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।



# यज्ञ में आहुति देकर ली लायंस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ

**बिजनौर (चिंगारी)।** लायंस क्लब बिजनौर सिटी की 2026-27 की पीएसटी टीम व उनके बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स का अधिष्ठापन एवं 2025-26 की पीएसटी का विदाई कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न हुआ। ला. आदित्य गुप्ता समारोह के मुख्य अथिति रहे। कार्यक्रम में ला. अरविन्द सिंघल, ला. पंकज बिजलवान, ला. नवनीत अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी प्रदीप गुप्ता, लायन चार्टर सदस्य उदय कुमार बिश्नोई एड.,जोन चेयरमैन ला. अमित अग्रवाल कार्यक्रम के विशेष अतिथि रहे। ला. डॉ. शूरवीर सिंह अध्यक्ष एवं सचिव डॉ. योगेंद्र सिंह 2025-26 द्वारा अपने कार्यकाल की उपलब्धियां बताते हुए क्लब के सभी सदस्यों को परितोषिक भेंट किये गए। इस अवसर पर क्लब ने अपने वर्ष 1970-72 के चार्टर सदस्य ला. उदय कुमार बिश्नोई एड. एवं ला. नरेन्द्र बंसल एड. को शाल भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में पीएसटी 2026-27 ला. पीयूष कुमार अध्यक्ष, ला. प्रशांत कुमार गोयल सचिव एवं ला. अचल अग्रवाल कोषाध्यक्ष एवं उनकी कैबिनेट को ला. अरविन्द सिंघल, पीडीजी एवं ला. नवनीत अग्रवाल द्वारा यज्ञ में आहुति दिलाकर शपथ दिलाई गई। क्लब में 17 नये सदस्यों को ला. पंकज बिजलवान ने शपथ दिलाकर सम्मिलित कराया। नये लायन सदस्यों में सर्वश्री अशोक कुमार चौधरी, डॉ. राहुल देशवाल, डॉ. शशिप्रभा, गौरव अग्रवाल, गौरव भारद्वाज, मनोज ढाका, एड. मोहित सिंघल, पंकज अग्रवाल, राजकुमार वर्मा उर्फ़ राजू, रश्मि गुप्ता, संदीप जैन, संदीप बिश्नोई, रिटायर्ड आईपीएस शलभ चौधरी, उदय राठी एड., विभोर कौशिक एड., विभूति राय भटनागर, पुष्पेंद्र सिंह ने क्लब की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में सर्वश्री अलोक गोविल, शकील अहमद, राजवीर सिंह, शरद राजवंशी, धामपुर डा. पंकज भारद्वाज, रजनीश त्यागी, अनुज चौधरी, नवनीत शर्मा एवं बड़ी फैक्ट्री बिजनौर ज़िले में लगाने पर ऋद्धा अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन ला. एस.के. बबली एड. एवं ला. जयवीर सिंह राठी एड. द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक पारस अग्रवाल एवं सहसंयोजक अनंत गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कांवड़ यात्रा : नो इंसीडेंट, नो एक्सीडेंट

बिजनौर (चिंगारी)। श्रावण मास कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल एवं सुरक्षित संपन्न कराने के लिए जनपद पुलिस ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम पूरे कर लिए हैं। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में एएसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि इस बार पुलिस का लक्ष्य जीरो इंसीडेंट, जीरो एक्सीडेंट है। इसके लिए सुरक्षा, यातायात और निगरानी व्यवस्था को पहले से अधिक मजबूत बनाया गया है।

### तीन सुपर जोन, छह जोन और 60 सब सेक्टर में बांटा जिला

एएसपी सिटी ने बताया कि कांवड़ यात्रा को लेकर पूरे जिले को तीन सुपर जोन, छह जोन, 22 सेक्टर और 60 सब सेक्टर में विभाजित किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत 84 अतिसंवेदनशील, 145 संवेदनशील और 42 सामान्य क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं। अतिसंवेदनशील स्थानों पर स्थायी पुलिस चौकियां स्थापित की गई हैं, जहां दरोगा के नेतृत्व में 24 घंटे पुलिस बल तैनात रहेगा।

### 175 चेतक मोबाइल किये तैनात

कांवड़ मार्ग पर त्वरित पुलिस सहायता के लिए 175 चेतक मोबाइल तैनात की गई हैं। प्रत्येक चेतक पर 12-12 घंटे की ड्यूटी में दो पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। प्रत्येक मोबाइल का कार्यक्षेत्र लगभग दो किलोमीटर निर्धारित किया गया है, ताकि किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।



एएसपी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह

### मोटा महादेव मंदिर पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था

मंडावली स्थित मोटा महादेव मंदिर पर स्थायी पुलिस चौकी स्थापित की गई है। यहां क्षेत्राधिकारी (सीओ) सुनील कुमार को प्रभारी बनाया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए इस बार मंदिर परिसर में पीएसी की भी तैनाती की गई है।

### 100 एआई कैमरे लगाये गये

पूरे कांवड़ मार्ग पर करीब 100 आधुनिक एआई कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों के माध्यम से श्रद्धालुओं की गतिविधियों और यातायात व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जाएगी, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई संभव होगी। एएसपी सिटी ने बताया कि पहली बार जिला मुख्यालय पर अत्याधुनिक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसे एआई कैमरों से जोड़ा गया है। इसके अलावा प्रत्येक जोन स्तर पर भी कंट्रोल रूम बनाए गए हैं, जिनकी जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्राधिकारी (सीओ) को सौंपी गई है। इससे निगरानी और समन्वय व्यवस्था पहले से अधिक प्रभावी होगी।

### यातायात प्रबंधन पर विशेष जोर

प्रेस वार्ता में एएसपी सिटी ने कांवड़ यात्रा के दौरान लागू रूट डायवर्जन, यातायात प्रबंधन, ड्रोन एवं सीसीटीवी निगरानी, संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए व्यापक इंतजामों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यात्रा उपलब्ध कराना है।

# राजेन्द्र गौतम बने जिलाध्यक्ष



राजेन्द्र गौतम का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष।

बिजनौर (चिंगारी)। संपूर्ण उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड की एक महत्वपूर्ण सभा प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग के संचालन में प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष ने राजेंद्र गौतम को जिलाध्यक्ष नामित किया। प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग ने, राजेंद्र गौतम ने मंडल को आगे बढ़ाने तथा व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराने की आशा जताई। जिला उपाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि श्री गौतम व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए संपूर्ण उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल को मजबूत बनाने में सहयोग करेंगे। सभा में जिला युवा अध्यक्ष सिद्धांत अग्रवाल एडवोकेट, नगर अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, महामंत्री विमल चौधरी, हल्दौर नगर अध्यक्ष विजेंद्र रस्तोगी, नगर महामंत्री पवन कुमार रस्तोगी, नगर उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, नगर कोषाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी हल्दौर, अवनीश शर्मा ने संपूर्ण व्यापार मंडल को मजबूत बनाने में सहयोग करने की बात कही। जिला अध्यक्ष राजेंद्र गौतम ने सभी का आभार व्यक्त किया। सभा में दीपक अग्रवाल, अमित सिंघल, विमल कुमार, मनीष अग्रवाल, विकास कुमार, अजय शर्मा, अंकित जैन, तौकीर खान, शेख अहमद, मोहम्मद आसिम, आदित्य सैनी, राहुल गोयल आदि मौजूद रहे।

# मिशन 2027 में जुटी बसपा

## 9 अगस्त तक होंगे बूथ कमेटियों के फोल्डर जमा

बिजनौर (चिंगारी)। बसपा की जिला स्तरीय बैठक में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों, संगठन विस्तार और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। गुरुवार को पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कविराज की अध्यक्षता एवं विधानसभा प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह के संचालन में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद नगीना एवं मुरादाबाद-बरेली मंडल के मुख्य प्रभारी गिरीशचंद्र जाटव, मुख्य मंडल प्रभारी जाफर मलिक, पूर्व मंत्री धनीराम सिंह तथा भाईचारा कमेटी (मुस्लिम समाज) के मुख्य मंडल प्रभारी नाजिम अहमद अल्वी ने जिले की आठों विधानसभा क्षेत्रों की संगठनात्मक समीक्षा की। मुख्य मंडल प्रभारी जाफर मलिक ने कहा कि 9 अगस्त 2026 तक सभी बूथ कमेटियों के फोल्डर तैयार कर जमा कर दिए जाएं। उन्होंने कहा कि पार्टी के मुख्य नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। बैठक में नरेंद्र कुमार रवि, सुरेंद्र सिंह, वीपी सिंह, नंदराम प्रजापति, दिलीप कुमार उर्फ पिंटू, अखिलेश कुमार हितैषी, जितेंद्र सागर, धर्मपाल सिंह, समर सिंह एड., मुंशी सद्दीक, बिजेंद्र कश्यप, पवन गौतम, ज्ञानचंद प्रजापति, संजय सागर, जसवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

# सफलता के लिए अनुशासन ज़रूरी : चैथली

## द हेजलमून स्कूल में कैरियर गाइडेंस वर्कशॉप का आयोजन

चांदपुर (चिंगारी)। द हेज़लमून स्कूल में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए कैरियर गाइडेंस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप की रिसोर्स पर्सन प्रसिद्ध शिक्षाविद्, प्रशिक्षक, ईएलटी विशेषज्ञ एवं स्टोरी टेलर नीरजा चैथली रहीं।

वर्कशॉप में नीरजा चैथली ने विद्यार्थियों को बताया कि जीवन में सफलता पाने के लिए सही लक्ष्य तय करना, अनुशासन, मेहनत, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच बहुत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को कक्षा 10 और 12 के बाद उपलब्ध विभिन्न स्ट्रीमों (विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी) तथा उनसे जुड़े अनेक कैरियर विकल्पों की सरल भाषा में



जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, ग्राफिक डिज़ाइनिंग और डिजिटल मार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में रोजगार की बहुत अच्छी संभावनाएं हैं। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल ने रिसोर्स पर्सन सुश्री नीरजा चैथली का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों को अपने भविष्य की सही दिशा चुनने में बहुत मदद करती हैं। वर्कशॉप का संचालन एक्टिविटी कोआर्डिनेटर अनुज गौतम ने किया।

# प्रदूषण नियंत्रण नियमों का शत-प्रतिशत पालन करें उद्योग, उल्लंघन होने पर होगी कड़ी कार्रवाई- सीडीओ

## चीनी मिल, डिस्टलरी और पेपर इकाइयों की बैठक में ईटीपी स्लज की जांच, राख के वैज्ञानिक निस्तारण और सॉलिड वेस्ट रूल्स के अनुपालन के दिये निर्देश

बिजनौर (चिंगारी)। कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में गुरुवार को चीनी मिलों, डिस्टलरी एवं पेपर उद्योगों से निकलने वाली राख से होने वाले प्रदूषण और संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने की। उन्होंने सभी औद्योगिक इकाइयों के प्रभारियों को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिनियमों एवं नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रदूषण का दुष्प्रभाव सभी पर पड़ता है, इसलिए उद्योग पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने फैक्ट्रियों में स्थापित एफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) से निकलने वाले स्लज (औद्योगिक अपशिष्ट) की नियमित जांच कराने तथा इकाइयों से निकलने वाली राख का निर्धारित मानकों के अनुसार वैज्ञानिक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी गिरीश आर्य ने बताया कि ईटीपी से निकलने वाले स्लज की जांच आवश्यक है, जिससे उसमें प्रदूषण की मात्रा का सही आकलन किया जा सके। उन्होंने कहा कि कई इकाइयां इस स्लज का अन्य कार्यों में भी उपयोग करती हैं, इसलिए उसकी गुणवत्ता की जांच बेहद जरूरी है। साथ ही सभी इकाइयों को नये सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियमों का पालन करने और ऑनलाइन पॉल्यूशन मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से अपनी इकाइयों का नियमित मूल्यांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में औद्योगिक अपशिष्ट (एफ्लूएंट) का नदियों या अन्य जल स्रोतों में प्रवाह न होने पाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), जनपद की विभिन्न चीनी मिलों, पेपर मिलों एवं डिस्टलरी इकाइयों के प्रबंधक व प्रभारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कॉलेज में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



शिविर में चिकित्सकों का स्वागत करते हुए श्री सुनील दत्त शर्मा।

**चांदपुर ( चिंगारी )।** बाल ज्ञान निकेतन इण्टर कॉलेज, बास्टा में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त किया। शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप चौधरी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आकाशदीप चौधरी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. यज्ञदत्त शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अंशु चौधरी, जनरल फिजिशियन डॉ. कय्युम, डा. हिना शेख एवं पैथोलॉजिस्ट डॉ. एजाज ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। चिकित्सकों ने रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श दिया। विद्यालय के प्रबंधक सुनीलदत्त शर्मा ने सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज सेवा के उद्देश्य से आयोजित ऐसे कार्यक्रम जनहित में अत्यंत उपयोगी हैं। प्रधानाचार्य मनमोहन सिंह ने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों एवं क्षेत्रवासियों के हित में इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

## दिखाई दिया गुलदार पिंजरे की दरकार

**चांदपुर ( चिंगारी )।** ग्राम हीमपुर बुजुर्ग में गांव के जंगल में पिछले काफी समय से लगातार गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों में भय बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाये जाने की मांग की है। ग्राम प्रधान अली वारिस ने बताया कि गांव के जंगल में पिछले काफी समय से गुलदार के दिखाई देने से किसान अपने खेतों पर जाते हुए घबरा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कल शाम व आज सुबह भी शौ सिंह के खेत में गुलदार बैठा दिखाई दिया। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाये जाने की मांग की है।

# लघुशंका के लिये गेट खोला तो सामने मगरमच्छ बैठा था

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय में गांव के मुख्य मार्ग के किनारे रहने वाला देवेन्द्र गत रात्रि लगभग एक बजे लघुशंका के लिये उठा था। जैसे ही उसने घर का मुख्य द्वार खोला, तो सामने विशालकाय मगरमच्छ को देखकर हक्का-बक्का रह गया। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गये। गांव में ही रहने वाले वनकर्मी धूम सिंह ने ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को रस्सियों से जकड़ लिया और एक बुग्गी के ऊपर रखकर रस्सियों से बांध दिया। आज सुबह सामाजिक वानिकी के वन दरोगा विकास कुमार भी मौके पर पहुंचे और मगरमच्छ को गंगा नदी में प्राकृतिक वास हेतु छोड़ दिया गया। वन दरोगा ने बताया कि मगरमच्छ की लंबाई लगभग 8 फीट थी। गांव रायपुर खास उर्फ मंडैयो में स्थित मछली पालन वाले तालाब से भी विगत 20 जुलाई को एक विशालकाय मगरमच्छ पकड़ा गया था। रोज मछलियां खा रहे मगरमच्छ को पकड़ने के लिये मछली पालक याकूब निवासी दहीरपुर ने जाल लगाया था, जिसमें वह फंस गया था।



रायपुर खास में रात को बस्ती के बीच से पकड़ा गया मगरमच्छ।

## रविदास मंदिर में मनाया गया गुरू पूर्णिमा पर्व

**हल्दौर ( चिंगारी )।** निकटवर्ती ग्राम शेरपुर कल्याण में संत शिरोमणि रविदास महाराज के मंदिर में गुरू पूर्णिमा का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में हरपाल सिंह, रशपाल सिंह, उद्यम सिंह, बूथ अध्यक्ष अवधेश आर्य एवं घसीटा सिंह आर्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। मातृशक्ति ने भी अपनी सहभागिता से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में गुरू महाराज के बताए सत्य, समता, भाईचारे तथा मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं सर्वजन कल्याण की कामना की गई।

# 'जातिगत नहीं, आर्थिक आधार पर मिले आरक्षण'



एसडीएम को ज्ञापन देते हुये समिति के पदाधिकारी।

**चांदपुर ( चिंगारी )।** ब्राह्मण विकास सेवा समिति ने जाति पर आधारित आरक्षण व्यवस्था विरोध करते हुए इसको समाप्त करने तथा आर्थिक आधार पर सभी जातियों के व्यक्ति को आरक्षण दिये जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम उपजिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन दिया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णवीर शर्मा फौजी व प्रदेश महामंत्री नीरज तिवारी एडवोकेट के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समिति से जुड़े लोग तहसील पहुंचे और ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि देश में वर्षो से चली आ रही जाति व्यवस्था के आधार पर आरक्षण दिये जाने की प्रथा को समाप्त किया जाए तथा आर्थिक स्थिति के आधार पर समाज के प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं नौकरी में आरक्षण दिलाया जाए। ज्ञापन देने वालों में कृष्णवीर फौजी, नीरज तिवारी एडवोकेट, डा. विनोद शर्मा, संदीप शर्मा होटल वाले, अर्चना शर्मा एडवोकेट, नागेश्वर शर्मा, उदित शर्मा आदि शामिल रहे।

## मिड-डे मील के संचालन से प्रधान जी को हटाया जाये

**नहटौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना (एमडीएम) के संचालन को लेकर एक महत्वपूर्ण मांग उठाई है। संघ के जिलाध्यक्ष सुधाराज सिंह ने शासन व बेसिक शिक्षा विभाग से मांग की है कि विद्यालयों के एमडीएम खातों से निवर्तमान ग्राम प्रधानों के अधिकार और प्रभाव को तत्काल समाप्त किया जाए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में ग्राम पंचायतों व ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद विद्यालयों के मिड-डे मील खातों में पूर्व प्रधानों के नाम और हस्ताक्षर प्रक्रिया जारी रहने से व्यावहारिक एवं वित्तीय अड़चनें सामने आ रही हैं। इससे विद्यालयों में नियमित भोजन वितरण और राशन/रसोइया मानदेय के भुगतान में अनावश्यक देरी होती है। सुधाराज सिंह ने विकल्प प्रस्तुत करते हुए मांग की कि एमडीएम खातों का संचालन अब 'स्कूल प्रबंध समिति (एसएमसी)' या 'वरिष्ठ अभिभावक' तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रभारी के संयुक्त हस्ताक्षर से कराया जाए।

# गुजरात में सम्मानित हुए हाशिम

हाशिम अहमद को गुजरात के अधिवेशन में सम्मिलित करते अतिथि।



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** गुजरात के गांधीनगर में आयोजित अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय अधिवेशन में जिलाध्यक्ष हाशिम अहमद ने बिजनौर के पत्रकारों की आवाज उठाई। इस भव्य समारोह में हाशिम को सम्मानित किया गया। नजीबाबाद निवासी पत्रकार हाशिम अहमद ने वहां अपने सम्बोधन में बिजनौर जिले के पत्रकारों के कई मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और मंच से देश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की। हाशिम अहमद ने बताया कि अधिवेशन में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली व हरियाणा आदि देश के अनेक राज्यों के पत्रकारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

# खिचड़ी वालों के आश्रम पर आयोजित भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु



**छाछरी मोड़ ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव मानकपुरी में छाछरी मोड़ से सैदाबाद वाली रोड पर स्थित बाबा खिचड़ी वालों का एक सिद्धपीठ आश्रम स्थित है। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर बाबा खिचड़ी वालों के आश्रम में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। रामायण की समाप्ति पर विशाल हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। उसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के ग्राम मुकरपुर गुर्जर, छाछरी मोड़, मनकपुरी, सैदाबाद, सिकंदरी, चकगढ़ी से हजारों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर हवन यज्ञ में भाग लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आश्रम के महंत बाबा प्रताप दास, बाबा भरत दास ने आश्रम में पहुंचे सभी भक्तों को सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया। बाबा खिचड़ी वालों का आश्रम एक सिद्ध पीठ है। हर मंगलवार को मंदिर पर प्रसाद चढ़ाया जाता है और भभूति दी जाती है। इस अवसर पर चौधरी समरपाल सिंह चांदपुर वाले, परविंदर सिंह, तुकमान सिंह, पप्पू सिंह, ओमपाल भगत जी, प्रधान देवेंद्र सिंह उर्फ सोनू गुर्जर, भीम सिंह, सुरेंद्र सिंह, कलवा सिंह, प्रधान शीशपाल सिंह, ठेकेदार डॉक्टर विजयपाल सिंह, ओंकार सिंह, रवि ढाका एडवोकेट, प्रधान देवेंद्र सिंह केलनपुर वाले, डॉक्टर राजवीर सिंह, एलम सिंह आदि की उपस्थिति रही।

# मारपीट व उत्पीड़न करने के आरोपी दो वन आरक्षियों का ढेला रेंज से तबादला

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** लगभग दो सप्ताह पूर्व कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की ढेला रेंज में ग्रामीणों के साथ कथित मारपीट का मामला आखिरकार प्रशासनिक कार्रवाई तक पहुंच गया है। लगातार बढ़ते विरोध और ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए पार्क प्रशासन ने आरोपों के घेरे में आए दो वन आरक्षियों का ढेला रेंज से तबादला कर दिया है।

जानकारी के अनुसार बीती 19 जुलाई को ढेला ग्राम निवासी शिव गिरि और वन गुर्जर नन्दू जंगल किनारे जलाऊ लकड़ी लेने गए थे। आरोप है कि इस दौरान चार छोटे यूकेलिप्टस के पेड़ काटने के आरोप में वन आरक्षी अश्वनी कुमार व महिला वन आरक्षी शिवानी तथा अन्य वनकर्मियों ने उन्हें पकड़कर ढेला चौकी ले आये। वहां वन अधिनियम के तहत उनका चालान कर जुर्माना वसूला गया। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्रवाई के दौरान शिव गिरि के साथ मारपीट की गई, जिससे उनकी पीठ पर गंभीर चोटें आईं। बाद में उनका चिकित्सीय परीक्षण भी कराया गया। घटना के अगले दिन मामला उस समय और गंभीर हो गया, जब शिव गिरि का भतीजा चंदन गिरि पेट्रोल लेकर ढेला रेंज कार्यालय की छत पर चढ़ गया और आत्मदाह की चेतावनी देने लगा। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण रेंज कार्यालय पहुंच गए और वन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मौके पर मौजूद एक महिला वनकर्मी ने उनके साथ अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज भी की। प्रदर्शनकारियों ने संबंधित वनकर्मियों को तत्काल निलंबित करने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस, वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। काफी देर तक चले समझाइश के बाद चंदन गिरि को सुरक्षित नीचे उतारा गया। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। 20 जुलाई को कई जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भी प्रदर्शन कर आरोपी वनकर्मियों को ढेला रेंज से हटाने तथा निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई थी। इस संबंध में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर साकेत बडोला ने बताया कि दोनों वन आरक्षियों का ढेला रेंज से तबादला कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार वन आरक्षी अश्वनी कुमार को सर्वदुली रेंज तथा महिला वन आरक्षी शिवानी को बिजराणी जोन में तैनात किया गया है।



ढेला रेंज कार्यालय की छत पर चढ़ा चंदन ( फाइल फोटो )

## छेड़छाड़ करता है शहजाद छवि करना चाहता है खराब

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एक विवाहिता ने दूसरे सम्प्रदाय के व्यक्ति पर आते-जाते उसके साथ छेड़छाड़ करने, फोन पर गन्दी-गन्दी बातें करने तथा उसकी वीडियो सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। विवाहिता का आरोप है कि शहजाद नामक व्यक्ति उसके साथ आते-जाते छेड़छाड़ करता है तथा उसे फोन कर गन्दी-गन्दी बातें करता है तथा गांव में उसके बारे में अफवाह उड़ा रहा है, जिससे गांव में उसकी छवि खराब हो रही है। विवाहिता का कहना था कि शहजाद उसकी वीडियो सोशल मीडिया पर डालने की भी धमकी दे रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** पुलिस ने दुष्कर्म, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 28 जुलाई को पीड़िता ने थाना नगीना देहात में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि विकास कुमार पुत्र राम भरोसे निवासी ग्राम चन्द्रपुरा नसीब, थाना कोतवाली देहात, जनपद बिजनौर ने उसके साथ गलत कार्य किया। साथ ही मनीष, आकाश, राम भरोसे, सुशीला, एकता तथा अनिखा पर पीड़िता और उसकी माता के साथ मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया। तहरीर के आधार पर थाना नगीना देहात में मुकदमा धारा 304(2), 115(2), 351(2) एवं 64(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी विकास कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** कल अपराहन ढाई बजे ग्राम मुस्वीखानपुर उर्फ चौगावां थाना नजीबाबाद निवासी कुलदीप (30 वर्ष) पुत्र वीर सिंह बाइक से मंडावली की ओर को जा रहा था, जबकि स्कॉर्पियो मंडावली की ओर से चंदक की ओर जा रही थी। बस स्टैंड से कुछ दूरी पर स्थित ग्राम शहजादपुर की मदरसे वाली मस्जिद के पास स्कॉर्पियो ने सामने से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बाइक चालक कुलदीप सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर, पैर तथा हाथ में गंभीर चोटें लगी हैं। स्कॉर्पियो चालक गाड़ी को लेकर मौके से फरार होने का प्रयास करने लगा, मगर स्कॉर्पियो का टायर फट जाने के कारण कुछ दूर जाकर ही बस स्टैंड के समीप गाड़ी रुक गई, तभी पुलिस ने स्कॉर्पियो चालक आजम पुत्र फैजान निवासी ग्राम भागूवाला थाना मंडावली तथा उसमें बैठे दूसरे युवक को हिरासत में ले लिया और थाने ले गई। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी ने घायल युवक को स्थानीय बस स्टैंड पर स्थित क्लीनिक में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार दिलाकर 108 एम्बुलेंस द्वारा उसे सीएचसी मंडावर भेजा गया, जहां से उसे जिला चिकित्सालय के लिये रैफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौते की बात चल रही है। घायल के परिजनों की ओर से अभी तक तहरीर नहीं दी गई है।



घायल युवक को क्लीनिक ले जाने को उठाते पुलिसकर्मी व ग्रामीण।

## तमंचे के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** नगीना देहात पुलिस ने चैकिंग अभियान के दौरान दो व्यक्तियों को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सैफ अली पुत्र अब्दुल रहमान निवासी ग्राम लालवाला औरंगाबाद, थाना नगीना देहात तथा अरबाज पुत्र इलियास निवासी ग्राम लकड़ीपड़ाव, थाना कोटद्वार (उत्तराखंड) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान सैफ अली के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस तथा अरबाज के कब्जे से एक तमंचा 312 बोर बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी सैफ अली और अरबाज के विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक हिमांशु, हेड कांस्टेबल राहुल कुमार, कांस्टेबल अरबाज तथा कांस्टेबल राजू सागर शामिल रहे।



संयुक्त फ्लैग मार्च में मौजूद वनाधिकारी।

## मानसून सत्र के मद्देनजर यूपी-उत्तराखण्ड के वनाधिकारियों ने किया संयुक्त फ्लैग मार्च

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** मानसून सत्र के दौरान वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के उद्देश्य से गुरुवार को यूपी व उत्तराखंड के वनाधिकारियों, कर्मचारियों ने कार्बेट टाइगर रिजर्व और अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में संयुक्त फ्लैग मार्च किया। एसडीओ कालागढ़ विंदरपाल के नेतृत्व में दोनों राज्यों के अनेक वनकर्मियों ने फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को वन एवं वन्यजीवों के प्रति जागरुक करते हुए आवश्यक स्थानों पर सघन चैकिंग भी की। कालागढ़ स्थित वन विश्राम भवन पर जाकर फ्लैग मार्च संपन्न हुआ। इस दौरान एसडीओ सहित वन क्षेत्राधिकारी कालागढ़ नंदकिशोर रुवाली, वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ श्रीमती अंकिता किशोर, वन क्षेत्राधिकारी ढेला रेंज नवीनचंद्र पांडे, वन क्षेत्राधिकारी झिरना अभय जोशी, डिप्टी रेंजर श्यामलाल यादव सहित तमाम वनाधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## रामपाल सिंह महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्रों का भव्य स्वागत



**चंदक ( चिंगारी )।** रामपाल सिंह महाविद्यालय, चंदक, बिजनौर में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। 27 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय अध्यक्ष डॉ. बीरबल सिंह, महाविद्यालय सचिव श्री तपराज सिंह देशवाल (ब्लॉक प्रमुख, नजीबाबाद), प्रबंध समिति से डॉ. शिवानी सिंह व प्राचार्या डॉ. रूबी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती मिनाक्षी राजपूत सहित डॉ. रेनू राजपूत, डॉ. नीलम शर्मा, दीपक कुमार, गौरव राठी, मोनिका सैनी, प्रिया मालिक तथा महाविद्यालय के वरिष्ठ क्लर्क मनोज कुमार भी उपस्थित रहे। अतिथियों एवं प्राध्यापकों ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ एवं शुभकामनाओं के साथ स्वागत किया तथा उन्हें महाविद्यालय की शैक्षणिक परंपराओं, अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक रहा। अंत में महाविद्यालय परिवार ने सभी नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका स्वागत किया।

# बारिश से जलमग्न हुई आवास विकास कॉलोनी किसी भी दिन हो सकती है कोई अनहोनी





**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर के आवास-विकास की सड़कें राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हैं। हर साल जब बारिशें शुरू होती हैं तो दूर रह रहे रिश्तेदारों के हाल - चाल पूछने के लिए फोन आने शुरू हो जाते हैं - पानी कितना भर गया...घर के सामने कितना पानी है.. गड्ढे बंद हुए या नहीं..वगैरह - वगैरह। अब आवास - विकास बिजनौर में स्थाई रूप से निवास करने वाला प्राणी क्या जवाब दे! वह सिर्फ हां.. हूँ.. करता रहता है और मानसून खत्म होने के प्रतीक्षा करता है। मानसून खत्म होने के बाद उसकी भी जान में जान आती है और सड़कों की भी, जिन्होंने पूरी बरसात पानी में डूब के निकाली होती है।

इधर आवास - विकास में एक नया करिश्मा करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। बरसात में कॉलोनी की सड़कें - नालियां तोड़कर नई बनाने की। नए बन रहे वॉटर टैंक की तरफ़ जाकर नज़र घुमाएं तो देखेंगे, सभी घरों की नालियां तोड़ दी गई हैं। उससे पूर्व कुछ महीने पहले ही वहां की सड़कें तोड़ दी गईं थीं। अब घरों के बाहर की नालियां तोड़ने के बाद अच्छे भले मकान थके हुए और कॉलोनी जर्जर नज़र आने लगी है। कल दोपहर की बारिश ने तो घरों के आंगन और उनमें रहने वालों की मानो कमर ही तोड़ दी। मात्र दो घंटों की बारिश ने 90 प्रतिशत घरों के आंगन जलमग्न कर दिए। गंदा पानी लोगों के कमरों तक चला आया। वे दिन भर दुखी और त्रस्त रहे तथा अधिकारियों व ठेकेदारों को कोसते रहे।

आवास- विकास कॉलोनी, बिजनौर हर साल, हर बरसात में पीढ़ा भुगतती है। पिछला साल अभी कोई भूला नहीं है और कल की बारिश के बाद यहां के निवासी सहमे हुए हैं क्योंकि बरसात अभी बाकी है और घरों के बाहर भी अभी काम बाकी है, नालियां बननी बाकी हैं, सड़कें बननी बाकी हैं तो यह सवाल उठना लाज़िमी है कि क्या यह कॉलोनी के उद्धार करने का सही समय था? क्या इस काम को बरसात से पहले नहीं निबटाया का सकता था? या क्या बरसात खत्म होने का इंतज़ार नहीं किया जा सकता था?

**( जितेंद्र जीतू )**

## रिमझिम बरसात के बीच किया गया पौधारोपण

नजीबाबाद (चिंगारी)। आदर्शनगर पुलिस चैकी से न्यू लक्ष्मी नगर, बिजली घर, रेलवे स्टेशन पर जाने वाले मुख्य मार्ग पर ग्राम प्रधान धूम सिंह व भाजपा नेता चैधरी ईशम सिंह के नेतृत्व में रिमझिम बरसात के बीच पौधारोपण किया गया। जिसमें आम, पीपल, बेल, अर्जुन, कंजी, पापड़ी, गुलमोहर, बकैन के 20 पौधे लगाकर आसपास में व्यापार कर रहे व्यापारी बन्धुओं से एक-एक पौधा गोद लेकर उनका लालन-पालन करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर एसडीओ विद्युत शंभूनाथ ने कहा कि पौधे लगाना एवं उनका लालन पालन करना हम सबके लिए अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राण वायु ऑक्सीजन का बैंक तैयार करने का कार्य है। इसलिए हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका लालन पालन करना चाहिए। कार्यक्रम में एडवोकेट महेश कुमार मलिक, मुख्य अध्यापिका इन्दू वर्मा, पत्रकार अवधेश शर्मा, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी महेश कुमार, नीरज राठौर, सुनीता बिश्नोई, बबीता शर्मा, ममता सैनी, गौरव कुमार, सुंदर सिंह आदि ने पौधारोपण किया।


## सूचना

मेरे पुत्र मौ0 उस्मान ने अपनी मर्जी से शगुफ्ता से निकाह कर लिया है तथा परिवार से अलग शकूर नगर में रहने लगा है। इसलिए मैने अपने पुत्र मौ0 उस्मान से संबंध विच्छेद कर लिये है तथा उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उस्मान व उसकी पत्नी का उससे व उसके परिवार से अब कोई रिश्ता नहीं रहा है। किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**-जरीना बेगम पत्नी स्व. मौ. सुलेमान, निवासी मौ0 बिसातियान कस्बा व थाना नजीबाबाद जिला बिजनौर**



## कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर।

### पुनः ई-आक्शन / नीलामी सूचना

जनपद बिजनौर के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत / संचालित दुकानात / व्यवसायों को नियन्त्रित एवं विनियमित करने के उद्देश्य से प्रभावी / प्रचलित उपविधियोंनुसार जनपद बिजनौर के समस्त विकास खण्डों के लाइसेंस शुल्क वसूली ठेके को E-Auction के माध्यम से पत्रांक-1719/जि0पं0/2025-26 दिनांक 25.03.2026 व पत्रांक-317/खनन / जि0पं0/2026-27 दिनांक 18.06.2026 के द्वारा आमन्त्रित किया गया था। जिसमें जनपद के 11 विकास खण्डों में से 05 विकास खण्डों (मौ.पुर देवमल, हल्दौर, नहटौर, धामपुर व किरतपुर) पर नियमानुसार बिड प्राप्त हुई है एवं शेष 06 विकास खण्डों की E-Auction के माध्यम से पुनः ई-ऑक्शन / नीलामी आमन्त्रित की जाती है। ई-ऑक्शन / नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति / ठेकेदार / संस्था इत्यादि को E-Auction की निम्नलिखित शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा।

तत्सम्बंधी उपविधियोंनुसार E-Auction किये जाने वाले लाइसेंस शुल्क वसूली ठेके की अवधि अनुबन्ध की तिथि से दिनांक 31.03.2027 तक के लिए ही होगी।

उपरोक्त लाइसेंस शुल्क वसूली ठेके वसूली सम्बंधी ठेका / नीलामी हेतु ई-ऑक्शन पोर्टल http://eauction.gov.in पर ई-नीलामी हेतु प्रतिभाग किया जा सकता है। ई-नीलामी की समय सारणी का विवरण निम्नवत् है-

| क्र0सं0 | गतिविधि | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | दस्तावेज अपलोड/भुगतान करने की अंतिम तिथि | 11.08.2026 | पूर्वान्ह 11ः00 बजे तक |
| 2 | दस्तावेजों के तकनीकी परीक्षण की प्रारम्भ तिथि | 11.08.2026 | पूर्वान्ह 11ः00 बजे से |
| 3 | दस्तावेजों के तकनीकी परीक्षण की अन्तिम तिथि | 11.08.2026 | अपरान्ह 01ः00 बजे तक |
| 4 | ई-नीलामी की प्रारम्भ तिथि | 11.08.2026 | अपरान्ह 01ः00 बजे से |
| 5 | ई-नीलामी की अंतिम तिथि | 11.08.2026 | सांय 03ः00 बजे तक |

ई-नीलामी फार्म दिनांक 11.08.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक जिला पंचायत की जिला निधि खाता संख्या-50100182826670 IFSC Code-HDFC0000863 में जमा कर ऑनलाईन http://eauction.gov.in पर ही Submit किया जा सकेगा। http://eauction.gov.in पर उलपब्ध रहेगा। ई-नीलामी फार्म का मूल्य Rs-1,000+GST 18% सहित Rs-1,180.00 उक्त ई-नीलामी की तकनीकी बिड का परीक्षण जिला पंचायत कार्यालय में दिनांक 11.08.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे से आनलाइन नीलामी समिति की उपस्थिति में किया जायेगा तथा नीलामीदाताओं की वित्तीय बिड दिनांक 11.08.2026 को सांय 03:00 बजे से नीलामी समिति की उपस्थिति में नीलामीदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उपरोक्त ई-ऑक्शन के सम्बंध में विस्तृत जानकारी जिला पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, बिजनौर।**

# ऋतु खंडूडी ने किया प्रमुख नदियों का स्थलीय निरीक्षण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मानसून के दौरान संभावित आपदा की आशंका को देखते हुए प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार क्षेत्र की प्रमुख नदियों मालन, सुखरौ एवं खोह

## संबंधित अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

नदी का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नदी तटों, संवेदनशील क्षेत्रों, कटाव प्रभावित स्थानों तथा जल निकासी की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नदी किनारे बसे क्षेत्रों, पुलों एवं संपर्क मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा जहां कहीं भी कटाव, जलभराव अथवा बाढ़ का खतरा हो, वहां तत्काल आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य कराए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ तत्परता से कार्य करें। कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार आपदा प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। जनधन की सुरक्षा सरकार की पहली जिम्मेदारी है और इसके लिए सभी विभागों को सतर्क एवं सक्रिय रहना आवश्यक है। मौके पर उन्होंने अधिकारियों को नदी क्षेत्रों की नियमित निगरानी करने, जल प्रवाह में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने पर आवश्यक कार्रवाई करने व संवेदनशील क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड तथा आवश्यक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया ताकि बरसात के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी कोटद्वार संदीप सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग अनिल कुमार राठौर सहित सिंचाई विभाग, वन विभाग एवं प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।



मानसून के दौरान संभावित आपदा को देखते हुए प्रदेशविधानसभा अध्यक्ष ने किया नदियों का निरीक्षण।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# गांवों में नहीं थम रहा हाथियों का उत्पात मेरुड़ा ग्रामवासी जागकर बिता रहे हैं रात

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मैदानी क्षेत्रों के बाद हाथियों का पर्वतीय क्षेत्रों के गांवों में भी आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हालत यह है कि ग्रामीण हल्का अंधेरा होते ही घरों के अंदर कैद होने पर मजबूर हैं। हाथियों के एक झुंड ने जयहरीखाल ब्लॉक के मेरुड़ा गांव में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि वन्यजीवों का आतंक इतना बढ़ गया है कि गांव में रहना दूभर हो गया है। ग्राम मेरुड़ा निवासी राजेंद्र प्रसाद, मनोज कुमार, अनिल कुमार व सुंदरलाल ने बताया कि मंगलवार देर रात करीब तीन बजे हाथियों का एक झुंड गांव में घुस आया। हाथियों ने खेतों में खड़ी फसलों को रौंद दिया। ग्रामीणों ने किसी तरह शोर मचाकर व पटाखे फोड़कर हाथियों को भगाया। घटना के दौरान ग्रामीण पूरी रात दहशत में रहे। राहत की बात यह रही कि कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। मौके पर ग्रामीणों ने वन विभाग से प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा देने और हाथियों को आबादी से दूर रखने के लिए प्रभावी एवं स्थायी व्यवस्था करने की मांग की।

# देवभूमि ठेकेदार कल्याण समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य सचिव से मुलाकात की

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** देवभूमि ठेकेदार कल्याण समिति के एक प्रतिनिधि मंडल ने देहरादून पहुंचकर मुख्य सचिव आनंदवर्धन से मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों ने उनके हितों की रक्षा करने, टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता अपनाए जाने सहित विभिन्न बिंदुओं पर मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए वार्ता की।

प्रदेश संगठन मंत्री देवेंद्र पाल सिंह नेगी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह पुंडीर के नेतृत्व में ठेकेदारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने देहरादून जाकर मुख्य सचिव आनंद वर्धन को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कहा कि वर्तमान में ठेकेदारों के साथ अन्याय हो रहा है। विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को निविदा प्रक्रिया से वंचित होना पड़ रहा है। पात्र ठेकेदारों को कोई काम नहीं मिल पा रहा है। ठेकेदारों ने मांग करते हुए कहा कि सिंगल बिड की निविदाओं की क्षमता डेढ़ करोड़ से

## उन्हें अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया

बढ़ा कर तीन करोड़ किया जाना चाहिए, जिससे सी और डी क्लास के ठेकेदारों को लाभ मिल सके। एक प्रदेश-एक नियम के तहत लोक निर्माण विभाग की भांति सभी विभागों में ठेकेदारों का पांच वर्ष के लिए पंजीकरण किया जाना चाहिए। सिंचाई विभाग की भांति एक कार्य को चार भागों में स्वीकृत कर सिंगल बिड टेंडर लगाए जाने चाहिए, जिससे स्थानीय ठेकेदारों को लाभ मिल सके।

बताया कि ज्ञापन में खनिज विभाग की रायल्टी अनुमति पत्र की फीस दस हजार से घटाकर पांच हजार रूपए करने, स्वीकृत कार्यों की निविदाओं को ब्रेक करने की क्षमता अधिशासी अभियंता के स्तर पर करने के साथ ही अनुभवों की बाध्यता और बैंक गारंटी समाप्त करने की मांग भी की गई है। मुख्य सचिव से मुलाकात करने वालों में रतनमणि भट्ट, राजेंद्र सिंह कुंवर, आशीष रावत, किशोर कुमार और नंद किशोर डबराल आदि ठेकेदार भी शामिल रहे।

# एमकेवीएन ग्रुप के प्रबंध निदेशक के जन्मोत्सव पर हुआ सुंदरकांड का पाठ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** एमकेवीएन एजुकेशनल ग्रुप के विद्यालयों में विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक प्रकाश चन्द्र कोठारी के जन्मोत्सव के अवसर पर सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। ग्रुप की कण्वघाटी शाखा के विद्यालय प्रांगण में स्थित शिव-राम मंदिर में प्रबन्ध निदेशक प्रकाश चन्द्र कोठारी एवं शिक्षा निदेशिका सिंधु कोठारी के सान्निध्य में विद्यालय के धर्मगुरू आचार्य अमन धूलिया व अध्यापक गणों सहित समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सुंदरकांड का पाठ किया। तत्पश्चात कक्षा 11 के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत हेतु फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों का स्वागत करना तथा उनके अंदर आत्मविश्वास एवं अपनत्व की भावना विकसित करना था। वहीं ग्रुप के अन्य स्कूलों में भी सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक निदेशक विपिन जदली सहित ज्योति कुलाश्री, कविता रावत, रेखा देवी, पुष्पा केष्टवाल, अशोक जखमोला, नितिश कुमार और अतुल बडोला सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**नैनीताल ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने गुरुवार को तहसील परिसर एवं उपजिलाधिकारी कार्यालय, हल्द्वानी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धारा-41 के अंतर्गत भूमि सीमांकन एवं पैमाइश से जुड़े एक वर्ष से लंबित प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए साथ ही ऐसे लंबित प्रकरणों की तत्काल जांच के निर्देश अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को दिए।

उन्होंने लंबित प्रकरणों के अभिलेखों के जांच करते हुए कहा कि भूमि सीमांकन एवं पैमाइश जैसे सामान्य प्रकृति के मामलों में अनावश्यक विलम्ब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। जिलाधिकारी ने कहा कि उन्हें शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि कई आवेदनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने में एक वर्ष तक का समय लगाया जा रहा है, जबकि ऐसे मामलों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर होना चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन मामलों में बिना किसी उचित कारण के रिपोर्ट प्रस्तुत करने में अत्यधिक विलंब पाया जाएगा, संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी सौरभ असवाल, सिटी मजिस्ट्रेट ए.पी. वाजपेयी, तहसीलदार कुलदीप पाण्डे सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा के अवसर पर किया सामूहिक योग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत स्वाभिमान समिति व युवा भारत की ओर से गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सामूहिक योग करते हुए गुरू स्वामी रामदेव को याद किया गया। इस दौरान योग को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया गया। तड़ियाल चौक स्थित एक मॉल में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गुरु रामदेव ने योग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया है। योग को घर-घर तक पहुंचाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कार्यक्रम के दौरान योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कहा कि निरोगी काया के लिए हमें प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। तत्पश्चात योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर भगवती प्रसाद, दयाल सजवाण, डॉ. रवि नेगी, रूप सिंह, चंद्रकिशोर असवाल और अमित सजवाण को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राकेश कंडवाल व सुनील रावत सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# कांवड़िये सड़क पर ना रुककर शिविरों में करें आरामः थाना प्रभारी

मंडवली/नजीबाबाद (चिंगारी)। हरिद्वार से पैदल यात्रा करते हुए शिवभक्त, कांवड़ ला रहे हैं। पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। मोटा महादेव जटपुरा बाईपास मार्ग से होकर कांवड़िए गुजर रहे हैं। कुछ दूरी चलने के बाद कांवड़िए रुक जाते हैं और कांवड़ मार्ग में सड़क किनारे आराम करने लगते



है। कभी-कभी कुछ कांवड़िए कांवड़ मार्ग में सड़क पर ही बैठ जाते है। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने गश्त के दौरान सड़क पर बैठे कांवड़ियों को समझाया कि सड़क पर ना बैठें, कांवड़ मार्ग पर कांवड़ियों के लिए शिविर लगे है, जो उनके लिए उचित स्थान है, वहां पर रुकें और विश्राम कर आगे बढ़े, सड़क पर बैठना सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है। थाना प्रभारी ने कांवड़ियों को समझाते हुए उनसे उनका हालचाल भी जाना। पुलिस के द्वारा अलर्ट रहने के साथ कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध को देखकर कांवड़ियों ने पुलिस प्रशासन की सराहना की।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

DISTANCE AND ONLINE COURSES
➢MBA ➢MCA ➢M LIB
➢MA (JMC) ➢M.Sc
➢BBA ➢BCA ➢B LIB
➢BA (JMC) ➢B.Sc
ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774

आवश्यकता है
हल्दौर स्थित गारमेंट फैक्ट्री के लिए कुशल लेयर कटिंग मास्टर एंव कुशल महिला ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है। संपर्क करें-
9319823965
8191819148

NEET के बाद
सही दिशा, सही मार्गदर्शन
सपना आपका, साथ हमारा!
देश / विदेश से एम.बी.बी.एस, स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
हमारे प्रमुख डेस्टिनेशन: कजाखस्तान, रूस, जॉर्जिया, किर्गिजस्तान, उज्बेकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल & More...
अंजुम कलीम (एम.डी.)
M.B.B.S.
BAMS, BUMS, BDS, BHMS
15+ YEARS OF EXPERIENCE
यूनिवर्सिटी सेलेक्शन, एडमिशन गाइडेंस, डॉक्यूमेंटेशन सपोर्ट, वीजा प्रोसेसिंग, ट्रैवल सपोर्ट
सही मार्गदर्शन, उज्ज्वल भविष्य!
मोईन का चौराहा, चाहशीरी, बी-21, बिजनौर (उ.प्र.)
Call / WhatsApp 8384872313
Website www.mbbsbijnor.com
SCAN ME!
आपका सपना, हमारी ज़िम्मेदारी!

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर